विचार

"अपने सपनों के लिए आगे बढ़ें। आप जो बनना चाहें बन सकते हैं

माइकल जैक्सन..

दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

D Edition

Reg.No.RJ26D00120077

# भारत टाइम्स

www.bharattimenews.com

सत्यमेव परं श्रुतम्

Bharattimesnews01@gmail.com




पेज 5


वर्ष- 2 | अंक-77 | दिल्ली, गुरूवार 9 मई 2024 | पेज-8 | ई-पेपर नई दिल्ली से प्रसारित


## न्यूज़. ब्रीफ

### यूरोपीय देशों में फिलिस्तीन समर्थकों का प्रदर्शन

वाशिंगटन। अमेरिका से शुरू हुआ फिलिस्तीन समर्थित छात्र आंदोलन की आग अब यूरोप तक पहुंच गई है। यूरोपीय देश जर्मनी, फिनलैंड, डेनमार्क, इटली, स्पेन, फ्रांस, नीदरलैंड और ब्रिटेन में बड़े पैमाने पर हुए। छात्रों की मांग है कि इजराइल के साथ कारोबार बंद किया जाए। इजराइल पर जंग रोकने का दबाव बनाया जाए। जर्मनी के बर्लिन की फ्री यूनिवर्सिटी में 7 मई को छात्रों ने कैंपस पर कब्जा कर लिया था। छात्रों ने 20 से ज्यादा तंबू लगाए थे। पुलिस ने छात्रों पर काली मिर्च स्प्रे करके खदेड़ा और तंबू हटा दिए। नीदरलैंड की एम्स्टर्डम यूनिवर्सिटी में पुलिस ने अब तक 169 छात्रों को हिरासत में ले लिया। अमेरिका से शुरू हुए इस प्रदर्शन में अब तक 2000 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार हो चुके हैं।

### सिसोदिया की जमानत याचिका पर13 को सुनवाई

नई दिल्ली। शराब नीति केस में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट अब 13 मई को सुनवाई करेगा। ईडी और सीबीआई के वकीलों ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से कहा कि हमें जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय चाहिए। जांच एजेंसी के वकीलों ने कहा कि हमारे जांच अधिकारी व्यस्त हैं। सुप्रीम कोर्ट में इसी मामले में एक अन्य आरोपी के मामले को भी हम देख रहे हैं, इसलिए हमें जवाब दाखिल करने के लिए 7 दिन का समय दीजिए। मनीष सिसोदिया के वकील विवेक जैन से जांच एजेंसी की मांग का विरोध किया। उन्होंने कहा- एजेंसीज डेढ़ साल से अधिक समय से इसकी जांच कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के सामने उन्होंने कहा, हम 6 महीने के अंदर ट्रायल खत्म कर देंगे। ट्रायल कोर्ट के समक्ष जमानत याचिका को कई बार स्थगित भी किया गया था।

### वेस्ट नाइल फीवर का अलर्ट

कोझिकोड। केरल सरकार के हेल्थ डिपार्टमेंट ने राज्य में वेस्ट नाइल फीवर को लेकर अलर्ट जारी किया है। राज्य के कोझिकोड, त्रिशूर और मलप्पुरम में छह मामले सामने आए हैं। वहीं, त्रिशूर में इस फीवर से 79 साल के बुजुर्ग की मौत की खबर है। यूएस के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक, यह बीमारी मच्छरों के काटने से होती है। फीवर के साथ उल्टी, दस्त और सिरदर्द की शिकायत होती है। वेस्ट नाइल फीवर के 10 में से 6 मामले में लक्षण नहीं दिखते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों का कोई ऑफिशियल डाटा शेयर नहीं किया है। हालांकि, सभी जिलों के प्री-मानसून क्लीनिंग ड्राइव के साथ निगरानी के निर्देश दिए हैं।

### एचडी रेवन्ना 14 मई तक रिमांड पर

बेंगलुरु। कर्नाटक सेक्स स्कैंडल की विक्टिम के अपहरण के आरोपी और पूर्व पीम एचडी देवगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना की पुलिस रिमांड 14 मई तक बढ़ा दी गई है। रेवन्ना को एसआईटी ने 3 मई को विक्टिम के बेटे की शिकायत पर गिरफ्तार किया था। वहीं, मंगलवार शाम रेवन्ना की तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बैचेनी की शिकायत की थी। डॉक्टरों ने उनका चेकअप किया और रिपोर्ट्स नॉर्मल आने पर उन्हें एसआईटी अधिकारियों के साथ वापस एसआईटी हेडक्वॉटर्र भेज दिया। इधर, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने प्रज्वल रेवन्ना के आपत्तिजनक वीडियो फैलाए हैं।

## गुजरात में बीजेपी नेता के बेटे ने बूथ कैप्चर किया

# 2 हिरासत में, मुख्य आरोपी

दाहोद। लोकसभा चुनाव के तीसरी फेज की वोटिंग के दौरान गुजरात में भाजपा नेता के बेटे ने बूथ कैप्चरिंग की। इसे सोशल मीडिया पर लाइव किया। यह मामला महीसागर जिले के दाहोद लोकसभा सीट का है। वीडियो में आरोपी विजय भाभोर अपने साथियों से यह कहता नजर आता है कि ईवीएम तो अपने बाप की है। बुधवार सुबह दाहोद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. प्रभाबेन तावियाड ने केस दर्ज कराया। चुनाव आयोग ने जिलाधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। अब तक 2 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मुख्य आरोपी विजय फरार है। विजय ने बूथ कैप्चरिंग को सोशल मीडिया पर 4.27 मिनट से ज्यादा लाइव किया। इस दौरान वह अपने साथियों से बात करता नजर आ रहा है। आरोप है कि उसने चुनाव कर्मचारियों के साथ बदतमीजी भी की। आरोपी के पिता दाहोद तालुका के प्रमुख रह चुके हैं। यह भी दावा किया गया है कि विजय ने लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान ईवीएम अपने साथ ले जाने की भी बात कही थी। एफआईआर होने के बाद विजय ने वीडियो डिलीट कर दिया, लेकिन तब तक लोग इस बूथ कैप्चरिंग की घटना को देख चुके थे। कईयों ने इसके स्क्रीन शॉट भी शेयर किए। कांग्रेस ने फिर से वोटिंग की मांग की कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है ।

# देवास में अज्ञात बीमारी से दो की मौत, 70 बीमार

- कांग्रेस के ट्वीट के बाद सीएम के निर्देश पर भोपाल-इंदौर से तीन टीम भेजी



भोपाल। देवास जिले की टोंक खुर्द तहसील के खेड़ा माधवपुर गांव में अज्ञात बीमारी फैल गई है। इस बीमारी से अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। 70 लोग बीमार हैं। ये जानकारी कांग्रेस नेता और पीसीसी चीफ के मीडिया एडवाइजर केके मिश्रा ने मंगलवार देर रात सोशल मीडिया पर दी। इसके बाद सरकार हरकत में आई। सीएम डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर तीन टीमें खेड़ा माधवपुर गांव भेजी गई हैं। भोपाल के स्वास्थ्य संचालनालय की ओर से दो सदस्यीय टीम में स्टेट एंटेमोलॉजिस्ट डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह और शैव्या सालम को भेजा गया है। इंदौर से दो टीमें भेजी गई हैं। एक टीम में इंदौर के सिविल सर्जन के साथ एक अन्य विशेषज्ञ हैं। इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज की 4 सदस्यीय टीम में डॉ. वीपी गोस्वामी और 3 रेजिडेंट डॉक्टर जांच में जुटे हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रैली में कहा

# अडाणी-अंबानी का नाम लेना भूले शहजादे



- कांग्रेस पार्टी को चुनाव के लिए उन उद्योगपतियों से कितना माल मिला? क्या टेंपो भरकर माल पहुंचा है? वहीं पीएम ने वारंगल की रैली में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर भी जवाब दिया

करीमनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तेलंगाना के करीमनगर में पहली बार अडाणी-अंबानी का नाम लेते हुए राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- पिछले 5 सालों से कांग्रेस के शहजादे दिन-रात एक ही माला जपते थे। 5 उद्योगपति, अंबानी और अडाणी। लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है, इन्होंने अंबानी-अडाणी को गाली देना बंद कर दिया है...क्यों? प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं कांग्रेस के शहजादे से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने अडाणी और अंबानी से कितना माल उठाया है? काला धन के बोरे भर के रुपए मारे हैं? कांग्रेस पार्टी को चुनाव के लिए उन उद्योगपतियों से कितना माल मिला? क्या टेंपो भरकर माल पहुंचा है? वहीं पीएम ने वारंगल की रैली में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा- अमेरिका में शहजादे (राहुल गांधी) के फिलॉसफर और गाइड अंकल (सैम पित्रोदा) हैं। वे कांग्रेस पार्टी में थर्ड अंपायर की तरह काम करते हैं। उन्होंने कहा है कि दक्षिण भारत के लोग अफ्रीकन जैसे लगते हैं। पीएम ने कहा कि आज मैं बहुत गुस्से में हूं। लोग मुझे गाली दें तो मैं सह लूंगा। लेकिन शहजादे के फिलॉसफर ने देश के लोगों को इतनी बड़ी गाली दी है कि मेरे मन में गुस्सा भर गया है। क्या मेरे देश में चमड़ी का रंग देखकर लोगों की योग्यता तय होगी। चमड़ी के रंग का खेल खेलने का हक शहजादे को किसने दिया है। संविधान सर पर लेकर नाचने वाले लोग देश का अपमान कर रहे हैं। **तेलंगाना के लोगों ने मेरा 10 साल का काम देखा-** प्रधानमंत्री ने कहा कि तेलंगाना के लोगों ने पिछले 10 साल में मेरा काम देखा है। आपके एक वोट ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया। आपके एक वोट ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया और जम्मू-कश्मीर में शांति और समृद्धि सुनिश्चित की। आपके एक वोट ने भारत को रक्षा आयातक से रक्षा निर्यातक बना दिया। पीएम ने कहा कि हमारा पूरा देश संभावनाओं से भरा हुआ है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने अपने पूरे शासनकाल में हमारे लोगों की क्षमता को बर्बाद करने के अलावा कुछ नहीं किया। कांग्रेस पार्टी ने हमारी अर्थव्यवस्था को नष्ट कर दिया, कृषि और कपड़ा क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाया। कांग्रेस ही देश में समस्याओं की सबसे बड़ी जननी है।

### इनके लिए फैमिली फर्स्ट

प्रधानमंत्री ने कहा- भाजपा नेशन फर्स्ट सिद्धांत में विश्वास करती है, लेकिन दूसरी ओर कांग्रेस और बीआरएस तेलंगाना में फैमिली फर्स्ट सिद्धांत पर काम करते हैं। कांग्रेस और बीआरएस पूरी तरह से परिवार द्वारा, परिवार के लिए हैं। ये दोनों पार्टियां एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कांग्रेस और बीआरएस को एक साथ बांधने वाला एकमात्र गोंद भ्रष्टाचार है। तुष्टिकरण की राजनीति ही उनका एजेंडा है। कांग्रेस और बीआरएस जीरो गवर्नेंस मॉडल फॉलो करते हैं। इसलिए हमें तेलंगाना को इन पार्टियों के भ्रष्ट चंगुल से बचाने की जरूरत है।

### कांग्रेस मुस्लिमों को देना चाहती है आरक्षण

पीएम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एससी, एसटी और दलितों के लिए आरक्षण का अधिकार छीनना चाहती है और मुस्लिम समुदाय को देना चाहती है। कल्याण न तो उनका दृष्टिकोण है और न ही एजेंडा। कांग्रेस केवल अपना वोट बैंक सुरक्षित रखना चाहती है। यह भ्रष्ट पार्टी पूरी तरह से तुष्टिकरण की नीति में डूबी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग मैग्नीफाइंग ग्लास लेकर अपनी सीटें खोज रहे हैं। चौथे चरण में कांग्रेस का सामान्य मैग्नीफाइंग ग्लास से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को अपनी सीटें खोजने के लिए माइक्रोस्कोप की आवश्यकता पड़ेगी। आजकल आप देख रहे हैं कि दुनिया में हर तरफ अस्थिरता है, अशांति है, संकट है। ऐसे में क्या देश की कमान गलत हाथों में दी जा सकती है?

## सीएम डॉ. मोहन बोले...

# कांग्रेस ने जातिवाद में फंसाया

### भाजपा सबका विकास, सबका विश्वास की नीति पर करती है काम

- नक्षत्र गार्डन में हुए कार्यक्रम में सीएम यादव ने मंच से एक बार भी बीजेपी प्रत्याशी सुधीर गुप्ता का नाम नहीं लिया उन्होंने मंच से सीधे कांग्रेस पर हमला करते जमकर कोसा




मंदसौर। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दो दिवसीय मंदसौर नीमच संसदीय क्षेत्र में दौरे पर रहे। मंगलवार की रात करीब 11 बजे सीएम मंदसौर पहुंचे वे शहर के नक्षत्र नक्षत्र गार्डन में रुके। सुबह सीएम ने पार्टी के कार्यकर्ताओ और शहर के प्रबुद्धजनो के साथ वार्ता की। इस दौरान सीएम ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। नक्षत्र गार्डन में हुए कार्यक्रम में सीएम यादव ने मंच से एक बार भी बीजेपी प्रत्याशी सुधीर गुप्ता का नाम नहीं लिया उन्होंने मंच से सीधे कांग्रेस पर हमला करते जमकर कोसा। मंच से सीएम में मोदी के गुणगान किए और कहा कि मोदी जो कुछ कर रह हैं वो सिर्फ देश के लिए कर रहे है। सीएम ने कहा- कांग्रेस ने जातिवाद में फंसाया लेकिन बीजेपी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की नीति पर काम करती है। भारतीय दंड संहिता का नाम बदलने की जरूरत सीएम यादव ने कहा की अंग्रेजों ने कानून को भारतीय दंड संहिता नाम दिया इसका मतलब वे लोग हमें दंड देने आए थे। आजादी के बाद इसका नाम बदलना चाहिए था। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि एक घमंडी परिवार का शहजादा उसकी मां और बहन जमानत पर है। जिन्हें जेल में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये घमंडिया बिना चालान शीट के किसी को भी जेल में डाल देते थे। हालांकि, जब इनकी बारी आई तो दुहाई देने लगे। सीएम ने केजरीवाल को दिल्ली वाला भाई बताते हुए कहा- देश में सबसे ज्यादा कानून की बात करने वाला दिल्ली वाले भाई साहब के लिए कानून लिखने वाले भी शर्मा जाए। डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया से तो इस्तीफा ले लेते है और खुद नहीं देते । भानपुरा व शामगढ़ में भी जनसभा को संबोधित किया सीएम मोहन यादव ने मंदसौर में कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद भानपुरा और शामगढ़ में भी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मंच से भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## औरंगाबाद-उस्मानाबाद के नाम बदलने पर अदालत ने कहा

# नाम में क्या रखा है

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि नाम में क्या रखा है? दरअसल कोर्ट ने यह टिप्पणी इसलिए की है क्योंकि महाराष्ट्र सरकार ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजी नगर और उस्मानाबाद का नाम बदलकर धाराशिव करने का फैसला लिया है। इसके खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में कई याचिकाएं दाखिल की गईं हैं। तमाम याचिकाओं को खारिज करने के साथ ही कोर्ट ने कहा कि नाम में क्या रखा है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की पीठ ने कहा कि दाखिल की गई याचिकाओं में कुछ खास बात नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नाम बदलने के लिए जारी की गई अधिसूचना में हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने आगे कहा कि औरंगाबाद और उस्मानाबाद का नाम बदलने के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना किसी भी तरह से अवैध नहीं है।

## एअर इंडिया एक्सप्रेस के 200 सीनियर क्रू-मेंबर्स एकसाथ छुट्टी पर

# 80 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द

नई दिल्ली। एअर इंडिया एक्सप्रेस के सीनियर क्रू-मेंबर्स एक साथ छुट्टी पर चले गए हैं। क्रू-मेंबर्स ने छुट्टी की वजह बीमारी बताई है। इसके चलते एयरलाइन को 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। एयरलाइन ने पैसेंजर्स को सलाह दी है कि बुधवार को एयरपोर्ट आने से पहले अपनी फ्लाइट की जानकारी जरूर ले लें। केबिन-क्रू की कमी के चलते आज भी कई फ्लाइट्स कैंसिल हो सकती हैं। एजेंसी के मुताबिक, टाटा ग्रुप की एयरलाइन के 200 से ज्यादा सीनियर क्रू-मेंबर्स छुट्टी पर गए हैं। जिन शहरों में फ्लाइट्स कैंसल हुई हैं, उनमें कोच्चि, कालीकट और बेंगलुरु शामिल हैं। पैसेंजर्स को पूरा रिफंड मिलेगा फ्लाइट कैंसिल होने के बाद एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि हमारे केबिन-क्रू ने मंगलवार रात अचानक बीमार होने की सूचना दी है, जिसके बाद कुछ उड़ानों में देरी हुई और कुछ रद्द कर दी गई हैं। हम क्रू से बातचीत कर रहे हैं ताकि यात्रियों की असुविधा कम हो सके।






## बैतूल के मुलताई में फिर से होगा मतदान

# चार मतदान केंद्रों पर 10 मई को वोटिंग

बैतूल। बैतूल के मुलताई विधानसभा क्षेत्र के चार मतदान केंद्रों पर 10 मई को फिर से मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने इसके लिए मध्यप्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र जारी किया है। मतदान केंद्र 275 रजापुर में शासकीय हाईस्कूल, 276 डूडर रैय्यत में राजकीय एकीकृत उच्च विद्यालय, कुंडा रैय्यत में शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भवन और 280-चिखलीमाल शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में मतदान होगा। गौरतलब है कि 7 मई को मतदान खत्म होने के बाद मतदान दल बस से वापस जा रहे थे। इसी दौरान बस में अचानक आग लग गई थी। बैतूल में ईवीएम और मतदानकर्मियों को लेकर लौट रही बस में आग लग गई। इसमें 4 ईवीएम जल गई। हादसा साईखेड़ा थाना क्षेत्र के सोनोरा गौला के पास मंगलवार रात 11 बजे हुआ। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। कर्मचारी खिड़कियों के कांच तोडकर कूद गए। बस साईखेड़ा क्षेत्र में मतदान के बाद कर्मचारियों और ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) लेकर बैतूल आ रही थी। इसमें 6 मतदान केंद्रों के कर्मचारी सवार थे। पीठासीन अधिकारी मुन्नलाल ने बताया कि पोलिंग टीम ने बस की खिडकी से कूदकर जान बचाई। कुछ टीम की मशीनें जल गईं।

## उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# बारिश या क्लाउड सीडिंग के भरोसे नहीं बैठ सकते



नई दिल्ली। उत्तराखंड के जंगलों में आग को रोकने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम बारिश या क्लाउड सीडिंग के भरोसे हाथ पर हाथ धरे बैठे नहीं रह सकते। सरकार को कारगर रूप से कुछ करना होगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने आग लगने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए इन पर शीघ्र लगाम लगाने के लिए सरकार को आदेश देने की गुहार लगाई। वकील ने कहा कि दो साल पहले भी एनजीटी में याचिका लगाई थी। अब तक सरकार ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। इसलिए मुझे यहां आना पड़ा। ये मामला अखिल भारतीय है। उत्तराखंड इससे अधिक पीड़ित है। सरकार की ओर से दावाग्नि की घटनाओं और उसे काबू करने के उपायों की तफसील बताई।

### हालात ज्यादा गंभीर

सरकार ने कहा कि अब तक जंगलों में आग की 398 घटनाएं रजिस्टर की गई हैं। 350 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें 62 लोगों को नामजद किया गया है। 298 अज्ञात लोगों की पहचान की कोशिश जारी है। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया गया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि सरकार जितने आराम से ब्योरा दे रही है हालात उससे ज्यादा गंभीर हैं। जंगल में रहने वाले जानवर, पक्षी और वनस्पति के साथ आसपास रहने वाले निवासियों के अस्तित्व को भी भीषण खतरा है। जस्टिस गवई ने कहा कि क्या हम इसमें सीईसी यानी सेंट्रल एंपावर्ड कमिटी को भी शामिल कर सकते हैं? हम बारिश के भरोसे बैठे नहीं रह सकते सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार से कहा कि आपने देखा होगा कि मीडिया में जंगलों में आग की कैसी भयावह तस्वीरें आ रही हैं। राज्य सरकार क्या कर रही है? उत्तराखंड के जंगलों में आग को लेकर जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि हम बारिश और क्लाउड सीडिंग के भरोसे बैठे नहीं रह सकते। सरकार को आगे बढकर शीघ्र ही कारगर उपाय करने होंगे।

# वयोवृद्ध स्काउटर पटवारी का 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया

### स्काउटिंग जीवन जीने की कला - नवरतन पटवारी

♦भारत टाइम्स♦

**चित्तौड़गढ़ (अमित कुमार चेचानी)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय चित्तौड़गढ़ के तत्वाधान में जिला संगठन के पदाधिकारियों ने भारत स्काउट व गाइड द्वारा आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी 1956 जयपुर में सहभागिता करने के उपलक्ष में वयोवृद्ध स्काउटर नवरतन पटवारी का संगठन के प्रतीक स्कार्फ एवं 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सर्कल ऑगेर्नाइजर (स्काउट) चन्द्र शंकर श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वाधान में राजस्थान प्रदेश की मेजबानी में दिनांक 04 से 10 जनवरी 2023 तक, रोहट पाली में 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी का भव्य आयोजन किया गया। जम्बूरी के अन्तर्गत राज्य मुख्यालय जयपुर द्वारा सन् 1956 में जयपुर में आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय जम्बूरी में राजस्थान प्रदेश से सहभागिता करने वाले स्काउट गाइड को चिन्हित कर उन्हें जम्बूरी में सम्मानित करने के लिये आमंत्रित किया गया था। द्वितीय राष्ट्रीय जम्बूरी में चित्तौड़गढ़ जिले से नवरतन पटवारी, डॉ. भगवत सिंह तॅवर, इन्द्र लाल आमेटा एवं शान्ति लाल जारोली ने सहभागिता कर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया था, जिसमें से इन्द्र लाल आमेटा को 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के अवसर पर सम्मानित किया गया था। लेकिन अन्य लोगों के राष्ट्रीय जम्बूरी में उपस्थित नहीं हो पाने के कारण जिला अधिवेशन के अन्तर्गत डॉ. भगवत सिंह तॅवर व शान्ति लाल जारोली का सम्मान किया गया । द्वितीय राष्ट्रीय स्काउट



गाइड जम्बूरी में सहभागिता कर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने के उपलक्ष में जिला मुख्यालय चित्तौड़गढ़ द्वारा वयोवृद्ध स्काउटर नवरतन पटवारी जी को उनके निवास पर सम्मानित किया गया। स्काउट गाइड जिला संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. इन्द्रमल सेठिया एवं लीडर ट्रेनर व जिला कमिश्नर वयस्क संसाधन (स्काउट) इन्द्र लाल आमेटा ने स्कार्फ व उपरना पहनाकर एवं उपाध्यक्ष श्याम लाल शर्मा, डा. विमला सेठिया, वंदना वजीरानी, चन्द्र शंकर श्रीवास्तव, सी.ओ. स्काउट एवं अमित कुमार चेचानी ने 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष डॉ. इन्द्रमल सेठिया ने नवरतन पटवारी जी को उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किय गये कार्यो की सराहना की एवं उनसे प्रेरणा लेकर स्काउटिंग के क्षेत्र में नवाचार करते हुये स्काउटिंग गतिविधि से प्रत्येक बालक-बालिका को जोड़ते हुये समाज व राष्ट्रसेवा के लिये युवाओं को तैयार करने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक मंच के महासचिव राधेश्याम आमेरिया, नन्द किशोर निर्झर, ओमप्रकाश सनाध्य, राकेश पटवारी, पवन पटवारी, रोवर पवन माली, राहुल मेघवाल, स्काउट भगत भूल एवं परिजन उपस्थित थे। वयोवृद्ध स्काउटर नवरतन पटवारी ने अपने स्काउटिंग जीवन को याद करते हुये बताया कि वे 06वीं कक्षा से स्काउटिंग से जुडे और समाज सेवा को अपना कर्तव्य मानते हुये आजीवन इस संगठन से जुडे रहे। इस दौरान वे स्काउटिंग में स्थानीय संघ पर उपप्रधान एवं प्रधान पद पर रहते हुये प्रशासन व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्काउट गाइड गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी निरन्त सक्रिय रहे। उन्होंने बताया कि स्काउट संगठन बालक-बालिकाओं को जीवन जीने की कला सिखाता है। मेरा सम्पूर्ण जीवन इसी संगठन के कारण समाज में पारदर्शी बना रहा। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालयों के संस्थाप्रधानों से छात्र-छात्राओं को स्काउट गाइड संगठन से जोड़ कर उनका शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, चारित्रिक व सामाजिक विकास कर उनमें आत्मविश्वास, स्वाबलम्बन, भाईचारा, देशप्रेम, साहस, समय की पाबंदी, टीम भावना, कला-कौशल जैसे गुणों का विकास कर राष्ट्रसेवा के लिये तैयार करने की अपील की। अन्त में राकेश पटवरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## हाली अमावस्या पर देखे शगुन, अच्छी बारिश के मिले संकेत



♦भारत टाइम्स♦

**भीनमाल (सतीश सुंदेशा )।** हाली अमावस्या पर शगुन देखे गए जिसमे अच्छी बारिश के मिले संकेत,सात लोटों में पानी भरकर दो घंटे की पूजा वैशाख अमावस्या पर संतोषी माता मंदिर में बुधवार को अच्छे जमाने की आश को लेकर लोगों ने शगुन देखे। जिसमें अच्छी बारिश होने के संकेत मिले है।ग्रामीणों ने बताया-वैशाख हाली अमावस्या पर परंपरा के अनुसार भीनमाल समेत आसपास के गांव में बारिश को लेकर शगुन देखा गया। संतोषी माता मंदिर में बुधवार को दो घंटे तक चली विशेष पुजा-अर्चना और पुराने समय से चली आ रही शगुन देखने की परंपरा के अनुसार लोगों ने मिट्टी के सात लोटों में जल भरकर तणियां प्रथा के तहत शगुन देखे गए। जिसमें इस साल अच्छी बारिश होने का संकेत मिले है। इस दौरान भगवानाराम, ओखाराम माली, जीएम परमार, माधाराम सोलंकी, प्रतापाराम चौहान, कलाराम चौहान, बगदाराम चौहान, कस्तूरा राम परमार, प्रभु राम चौहान, उकाराम चौहान, चोपाराम चौहान, प्यारा राम चौहान, कालूराम परमार, बगदाराम परमार, कस्तूरा राम चौहान, गणपत लाल चौहान, लालाराम परमार, चंपालाल, प्रतापराम भाटी सहित कई मोहल्ले वासी मौजूद रहे।

# बी.एन.कृषि महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव "हरित-वसुधा" सम्पन्न

### कृषि छात्रों को उद्यमिता एवं परिष्करण कर स्वयं के उद्यम से रोजगार सृजित करना चाहिए,

♦भारत टाइम्स♦







**उदयपुर।** भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय की संघटक इकाई कृषि महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव हरित-वसुधा 2024 विश्वविद्यालय के परिसर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत (कच्छेर), कार्यवाहक अध्यक्ष, विद्याप्रचारिणी सभा, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह राठौड़ (आगरिया), मंत्री, विद्याप्रचारिणी सभा, विशिष्ट अतिथि, मोहब्बत सिंह राठौड़ (रुपाखेड़ी), प्रबंध निदेशक, भूपाल नोबल्स संस्थान, शक्ति सिंह कारोही, वित्त मंत्री, नवल सिंह जुड़ तथा राजेंद्र सिंह झाला (ताणा), संयुक्त मंत्री विद्याप्रचारिणी सभा, की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो सारंगदेवोत ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि कृषि भारत के विकास तथा अर्थव्यवस्था में रीड की हड्डी का काम करती है। कृषि विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल है तथा विद्यार्थियों को इसके लिए सतत कठिन परिश्रम करना होगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ.आगरिया ने अपने उद्बोधन में बताया कि वर्तमान समय में, विश्व परिदृश्य बड़ी तेजी से बदल रहा है। कृषि छात्रों को उद्यमिता एवं परिष्करण कर स्वयं के उद्यम से रोजगार सृजित करना चाहिए, ताकि उन्हे सरकारी नौकरियो के पीछे न भागना पडे, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उत्पन्न हो सके। कार्यक्रम के प्रारम्भ में बी.एन.कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दिलीप सिंह ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण तथा मेवाड़ी परम्परा अनुसार पाग पहनाकर स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में डॉ. सिंह ने कृषि महाविद्यालय द्वारा फार्म पर गेहूँ उत्पादन एवं कृषि कायार्नुभव कार्यक्रम के बारे में प्रकाश डाला। सहायक अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉ. फतह लाल शर्मा द्वारा महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शैक्षणिक गतिविधीयों में सुश्री नन्दिनी डोरा, द्वितीय वर्ष ने तथा वत्सल पालीवाल तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैडेट भव्यप्रताप सिंह राणावत एवं सुश्री निकिता माली ने एनसीसी के विभिन्न शिविरों में उत्कृष्ट प्रर्दशन किया। सुश्री ज्योति चुण्डावत ने आशु भाषण, वाद-विवाद, लघु नाटिका तथा माइम में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सुश्री श्रेया भट्ट ने पोस्टर मेकिंग, मेहन्दी व नेल आर्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय सेवा योजना में राजवर्धन सिंह राठौड व निखिल माली ने बेस्ट एनएसएस वोलिएंटर का पुरुस्कार जीता। प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह रुपाखेडी, वित्त मंत्री शक्ति सिंह कारोही, नवल सिंह जुड़ तथा राजेन्द्रसिंह ताणा ने पुरुस्कार वितरण के पश्चात छात्रों को बधाई दी तथा कहा कि जिन्होंने पुरुस्कार जीते है वो तथा जो पुरुस्कार नहीं जीत पाये सभी बधाई के पात्र है, क्योकिं जो पुरुस्कार नहीं जीत पाऐ, उन्हें अगले वर्ष अधिक मेहनत के साथ प्रतियोगिता में भाग लेना है। पुरुस्कार वितरण पश्चात छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें रंगीलो म्हारो ढ़ोलड़ो, गोरबंध, घुमर, महेन्दी राचण...तथा बन्ना रे बागा में झूला गाल्या ...आदि राजस्थानी गीतों ने समा बांधा जिसमें छात्रों ने खुब झमकर डांस किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रितू मेहता ने सभी अतिथियों कर्मचारियो तथा छात्रों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

## चिकित्सा विभाग की टीम ने 80 किलो बेकरी आइटम मौके पर करवाया नष्ट

### खाद्य पदार्थों का नमूनीकरण एवं निरीक्षण की कार्यवाही हेतु विशेष अभियान

**विभाग द्वारा 30 अप्रैल 2024 से 4 जून 2024 तक कोल्ड डिंक, आइसक्रीम, शरबत, ठंडाई, बैकरी, बेकरी प्रॉडक्ट्स, बडे होटल, ढाबे, रेस्टारेंट, मावा, पनीर, घी, मिठाई, मसाले, बडे स्तर पर समोसा, कचैरी, की निर्माण इकाई का नमूनीकरण एवं निरीक्षण किया जा रहा है।**





♦भारत टाइम्स♦

**यादराम वर्मा गंगापुर सिटी सवाई माधोपुर।** राज्य में संचालित शुद्व आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों का नमूनीकरण एवं निरीक्षण की कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विभाग द्वारा 30 अप्रैल 2024 से 4 जून 2024 तक कोल्ड डिंक, आइसक्रीम, शरबत, ठंडाई, बैकरी, बेकरी प्रॉडक्ट्स, बडे होटल, ढाबे, रेस्टारेंट, मावा, पनीर, घी, मिठाई, मसाले, रीयूज्ड कुकिंग ऑइल, बडे स्तर पर समोसा, कचैरी, की निर्माण इकाई का नमूनीकरण एवं निरीक्षण किया जा रहा है। अभियान में लिए गए नमूनों में पेस्टीसाइड एवं कृत्रिम रंग इत्यादि हानिकारक रसायनिक पदार्थों की जांच कराते हुए संस्थान की हाइजीनिक सेनिटेशन खाद्य अनुज्ञापत्र की वांछित पालना की सुनिश्चितता की जाएगी ताकि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा हो सके। अभियान के अंतर्गत निर्माण इकाईयों का भी सघन निरीक्षण एवं नमूनीकरण किया जाएगा। अभियान के तहत विभाग द्वारा आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर के आदेश अनुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीना के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार, वेद प्रकाश पूवीर्या, बाबू लाल तगाया ने मंगलवार को गंगापुर सिटी में वृंदावन बेकरी से केक का सेम्पल, कुमार बेकर्स से आइस कैंडी का सेम्पल, केक वर्ल्ड सिंधी कॉलोनी से 80 किलो अवधिपार बेकरी आइटम कुकीज, बिस्किट, कोल्ड ड्रिंक, मैगी नूडल, पीनट बटर आदि को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। वहीं बुधवार को टीम द्वारा सकवाई माधोपुर में कार्यवाही करते हुए महाकाल ट्रेडर्स से केक का एक सेम्पल, मैगी नूडल का एक सेम्पल, मैजिक मसाला बाय यूडल्स, लॉलीपॉप के, भवानी मार्केटिंग से आम पापड़, जेली टॉफी, जेम्स टॉफी के सेम्पल लिए गए साथ ही सभी व्यापारियों की समझाइश भी की गयी कि वे अपने सभी उत्पादों पर डेट ऑफ पेकिंग व बेस्ट बिफोर अवश्य अंकित करें।

## बीएन संस्थान में अंतराष्ट्रीय रेड क्रॉस डे और थेलेसेमिया डे मनाया

### कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती विष्णु प्रिया झाला थी

♦भारत टाइम्स♦



**उदयपुर।** भूपाल नोबल्स पब्लिक स्कूल में बुधवार दिनांक 8/05/24 को सेवा व मानवता का प्रतीक उत्सव विश्व रेडक्रॉस डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. सीमा नरूका ने इस दिन का महत्व बताते हुए कहा कि वर्ल्ड रेड क्रॉस डे का मुख्य उद्देश्य असहाय और घायल सैनिकों और नागरिकों की रक्षा करना है। यह दिवस रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति के संस्थापक हेनरी डुनेंट की जयंती पर मनाया जाता है। डॉ. नरूका ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने भाषण, गीत, नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य नाटिका के माध्यम से रक्तदान एवं नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती विष्णु प्रिया झाला थी। इसी तरह बी एन कॉलेज ऑफ फामेर्सी में भी रेडक्रॉस दिवस और थेलेसेमिया दिवस पर चर्चा की गई। डीन डॉ वाई एस सारंगदेवोत ने कहा की थैलेसीमिया यह एक आनुवंशिक रक्त विकार है जो बच्चों को अपने माता-पिता से विरासत में मिलता है, जिसमें शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर असामान्य तरीके से प्रभावित होने लगता है। इस वजह से शरीर में धीरे-धीरे खून की कमी होने लगती है। यह दिन बीमारी के बारे में मिथकों को फैलाने और बेहतर उपचार और देखभाल विकल्पों के लिए अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए भी समर्पित है। रेडक्रॉस संस्था को तीन बार नोबेल शांति पुरुस्कार मिला हैं। और इसका हेडक्वार्टर जेनेवा, स्विट्जरलैंड में हैं। यह जानकारी बीएन के जनसम्पर्क अधिकारी डॉ कमल सिंह राठौड़ ने दी।

## जिला कलक्टर ने पेयजल आपूर्ति का जमीनी स्तर पर लिया जायजा

### लीकेज की रोकथाम एवं पेयजल की सूचारु आपूर्ति के लिए दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

♦भारत टाइम्स♦





**यादराम वर्मा गंगापुर सिटी गंगापुर सिटी।** जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी ने प्रातः तड़के 6 बजे बुधवार को शहर में भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति का जमीनी स्तर पर जायजा लियो इस दौरान जिला कलक्टर द्वारा पुरानी धान मण्डी, वसुंदरा कॉलोनी, केलादेवी कॉलोनी, उदई मोड़, सालोदा मोड़ में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की जाँच की गई साथ ही विभिन्न स्थानों पर लीकेज की रोकथाम एवं पेयजल की गुणवत्ता व नियमित सूचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधीक्षण अभियंता रामकेश मीना सहित जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किऐ निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने आमजन से जल आपूर्ति के सम्बंध में वातालार्प कर पेयजल आपूर्ति के सम्बंध में जमीनी स्तर पर वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की विभिन्न स्थानों पर लीकेज पाये जाने की स्थिति में उपभोक्ताओं को पेयजल की अहमियत समझाते हुए लीकेज ठीक करवाने के निर्देश प्रदान किऐ साथ ही लीकेज मिलने पर संबन्धित उपभोक्ता को नोटिस जारी करने के निर्देश अधीक्षण अभियन्ता को दिये तत्पश्चात भी लीकज ठीक नहीं करवाने की स्थिति में उल्लंघनकताओं के जल सम्बंध विच्छेद करने के निर्देश संबन्धित अधिकारियों को दिये इस अवसर पर सहायक अभियन्ता नीरज सिंह, कनिष्ठ अभियन्ता हेमराज मीणा सहित जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**आवश्यकता**

भारत टाइम्स न्यूज को रिपोर्ट्स और अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है। यदि आप हमसे जुड़ना चाहते है तो अपना बॉयोडाटा हमे ईमेल करे।

Bharattimesnews01@gmail.com

Whatsapp

9509745147
9799911545

# आज जिले भर के चिकित्सा संस्थानो पर आयोजित होगा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

### विशेष निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान के तहत राज्य स्तर से परियोजना निदेशक मातृ स्वास्थ्य रहेंगे जिले के दौरे पर

♦भारत टाइम्स♦





**राजसमंद विद्याधर वैष्णव।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस, मौसमी बीमारियां, हीट स्ट्रोक से बचाव की तैयारियां, निःशुल्क दवा एवं जांच योजना एवं भवन का निरीक्षण करने हेतु राज्य स्तरीय विशेष निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान के तहत परियोजना निदेशक मातृ स्वास्थ्य डॉ तरूण चौधरी आंकाक्षी ब्लॉक भीम में चिकित्सा संस्थानो का निरीक्षण करेंगे।गुरुवार को जिले के सभी चिकित्सा संस्थानो पर गर्भवती महिलाओं की चिकित्सा अधिकारीयों द्वारा प्रसव पूर्व जांच की जायेगी तथा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर प्रसव के उचित प्रबंधन की तैयारी सुनिश्चित की जायेगी। उल्लोखनीय है की माह की प्रत्येक 9,18 व 27 तारीख को सभी प्राथमिक, सामुदायिक एवं जिला चिकित्सालयो पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का संचालन किया जाता है। वहीं प्रत्येक गुरूवार को मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन विभाग की ओर से किया जाता है जिसमें गर्भवती महिलाओं, प्रसुता महिलाओं, शिशुओं एवं किशोर - किशोरीयों की आवश्यक स्वास्थ्य की जांच की जाती है। डॉ तरूण चिकित्सा संस्थानो के निरीक्षण के दौरान संस्थानो पर गर्मी जनित बीमारियों एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम की दिशा में की गई कार्रवाई एवं संस्थान पर उपचार के लिये किये गये प्रबंधन की भी समीक्षा करेंगे तथा आवश्यक दिशा निर्देश देंगे।भीम ब्लॉक पर आयोजित हुई विभागीय समीक्षा बैठक राजसमंद, 8 मई। सीएमएचओ डॉ हेमंत कुमार बिन्दल, आरसीएचओं डॉ सुरेश मीणा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ राजेन्द्र कुमार ने भीम ब्लॉक पर आयोजित विभागीय मासिक समीक्षा बैठक में शिरकत कर विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।सीएमएचओ डॉ हेमंत कुमार बिन्दल ने गर्मी जनित बीमारियों एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिये गांव वार समीक्षा की तथा कहा की उपचार से बेहतर है बचाव इसलिये हमें पूरे समर्पण के साथ कोशिश करना चाहियें की जिस भी क्षेत्र में हम कार्यरत है वहां बचाव के लिये एन्टीलार्वा गतिविधियां, घर - घर संपर्क के दौरान आमजन को बीमारियों से बचाव की जानकारी देवे। उन्होंने परिवार कल्याण कार्यक्रम में प्रत्येक स्वास्थ्य कार्यकर्ता की उपलब्धियों की समीक्षा की तथा कहा की परिवार कल्याण कार्यक्रम में पुरूष सहभागिता को बढ़ाना आवश्यक है इसके लिये हर संभव प्रयास करें। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेश मीणा ने नियमित टीकाकरण के लिये हैड काउन्ट सर्वे की गुणवत्ता के लिये आवश्यक प्रपत्रो की जानकारी दी तथा कहा की स्वास्थ्य कार्यकर्ता सर्वे में किसी भी कौताही नही बरते। डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ राजेन्द्र कुमार ने गैर संचारी रोगो की रोकथाम के लिये की जा रही गतिविधियों को लेकर समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार सैनी, खंड कार्यक्रम अधिकारी एनएचएम सुरेश सैनी, ब्लॉक के सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मातृशक्ति सृष्टि का आधार और धर्मपरायणता की परिचायक का मूल हैं– अजय शर्मा

## वर्षा और कुसुम शर्मा ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

♦भारत टाइम्स♦

**ब्यावर ( राधेश्याम दर्जी)।** समाज की सभ्यता और संस्कार का मानक होता है मातृशक्ति का सम्मान क्योंकि मातृशक्ति हमारी सृष्टि का आधार होती और धर्मपरायणता की पहचान का मूल हैं। किसी भी सभ्य समाज में मातृशक्ति अहम होती है और मातृशक्ति की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन उस समाज का आईना होता है। भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति के संयोजक अजय शर्मा ने आज ब्राह्मण समाज ब्यावर द्वारा आयोजित पंच दिवसीय महोत्सव के तीसरे दिन महिलाओं व बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में कहा। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति ही वो धुरी है जिससे समाज और परिवार में जुड़ाव का भाव संभव है क्योंकि



धैर्य और धर्मपरायणता की भी पहचान भी मातृशक्ति होती है। भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति के मीडिया प्रभारी रवि डंडायत ने बताया कि पाँच दिवसीय महोत्सव के तहत आज सेन्दड़ा रोड़ स्थित श्री हारीत वाटिका में महिलाओं और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने भागीदारी की। आज के कार्यक्रमों में महिलाओं द्वारा एकल नृत्य, युगल नृत्य, समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए। महिला मंडल द्वारा मेरे बांके बिहारी लाल, कीजो केसरी के लाल, गहना शर्मा द्वारा थोड़ी मेहंदी लगने से पहले, मां बेटी बरखा और रुद्राक्षी शर्मा ने खम्मा घणी, पिंगा दो पोरी पर अनुप्रिया, वर्षा और कुसुम शर्मा ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। गायन में अल्का दवे और शुभ दवे , तंजिल शर्मा, ज्योति शर्मा , सुरभि



शर्मा आदि ने अपने गीतों की सुंदर प्रस्तुतियां दी। दीपमाला शर्मा जी ने जाना जोगी दे नाल, मोनिका और मनीष पाराशर ने घूमर नृत्य, दिविशा जोशी बावन गज का दामन, प्रियांशु शर्मा ने तेरी मिट्टी में, चंद्रिका शर्मा ने मेरे घर आये है गीत पर कार्यक्रम का समाँ बाँध दिया। रवि डंडायत ने बताया कि जन्मोत्सव कार्यक्रमों की कड़ी में 9 मई 2024, गुरूवार को सांयः 5:00 बजे से पुरुषो के खेल होंगे। जिनमें मटका फोड़, रस्सा कस्सी,चम्मच दौड़ व अन्य रूचिकर खेल होंगे इसके पश्चात रात्रिः 8:00 बजे से भजन संध्या होगी। आज के सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज की वरिष्ठ महिलाएँ श्रीमती दीपमाला जी, कांता शर्मा जी, कौशल्या कौशिक, सुमित्रा शर्मा,,श्यामलता शर्मा, इंद्रा शर्मा, रामवती शर्मा, शांति शर्मा, कुसुम शर्मा, कलावती शर्मा सहित अन्य महिलाओं ने भी अपनी प्रस्तुतियाँ दी। इस अवसर पर हरीशचंद्र शर्मा, रमेश बंदावला, संजय भार्गव, रामप्रकाश ओझा, चन्द्रप्रकाश ओझा, नन्दकिशोर ओझट, देवेंद्र ओझा, मनोज शर्मा, संजय पाण्डे, सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित रहे।

# अमावस्या पर कस्बे सहित आसपास के ग्रामींण क्षेत्रों ने किया दान पुण्य



**बोरुंदा सोहनलाल वैष्णव।** कस्बे सहित आसपास के ग्रामींण क्षेत्रों में बुधवार को अमावस्या के मौके पर ग्रामीणों ने विभिन्न प्रकार के दान पुण्य किए। कस्बे के बस स्टैंड सदर बाजार, धर्म कांटा वह पीपली चौराहा पर ग्रामीणों ने गायों को हरा चारा डालकर दान पुण्य किया। वहीं औद्योगिक क्षेत्र पुंदलू गोटन मेगा हाइवे पर एक दर्जन युवाओं ने करीब 600 लीटर शरबत व करीब एक क्विंटल फल वितरित किए। इस दौरान कुलदीप सिंह, घनश्याम, दिलीपसिंह मेड़तिया, राजेंद्रसिंह, देवराज सिंह, युवा भाजपा नेता छैलसिंह मेड़तिया, समीर मोहमद, खुर्शीद अहमद छीपा, सुरजीतसिंह भाणु बन्ना, गणेश दाधीच, अरविन्द सिंह शेखावत, लक्ष्मण सिंह, यशराज दाधीच, रामस्वरूप कच्छावा, दिनेश कच्छावा, मुकेश डाबी, पदमसिंह नरूका, गोवर्धन सिंह मेड़तिया, टीकम व भगवान सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# वैज्ञानिक युग वर्षा की सटीक भविष्यवाणी से मौसम विभाग भी चकित

## चर्चित केरूण्डा मेला आज परम्परागत अनूठा मेला

- मेला 9 मई को केरुण्ड़ा में व रोट दर्शन 10 को मण्डावर में
- वर्षा की भविष्यवाणी के केरूण्डा मेले आज उमड़ेंगे श्रदालु

♦भारत टाइम्स♦

**देवगढ़ विद्याधर वैष्णव।** राजसमन्द, पाली व ब्यावर जिले की सीमा पर रावली अभ्यारण्य में स्तिथ केरूण्डा की नाल (मण्डावर) अरावली की सुरम्य वादियों में मण्डावर केरूण्डा बाबा रामदेव मंदिर में शुक्रवार रात्रि से शनिवार सुबह तक वर्षा भविष्यवाणी से जुड़ा मेला भरेगा । समाजसेवी जसवंत सिंह मण्डावर ने बताया कि केरूण्डा मेला में रात्रि कालीन समय में मंदिर परिसर में सूखे कुंड में पानी आने के आधार पर वषार्काल के चार महीनो आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आसोज में वर्षा की भविष्यवाणी की जायेगी। वही रोट शगुन के आधार पर भी मण्डावर ग्राम में भविष्यवाणी भी की



जायेगी। अनूठा व चमत्कारिक मेला वर्तमान आधुनिक युग के साथ वैज्ञानिक युग है और पर ग्रामीण परिवेश में सदियों पुरानी परंपराऐ आज भी सब पर भारी है। बात बड़ी गजब है अजूबे से कम नही पैदल चलता चलायमान मेला, घना जंगल , काली रात, आबादी से तीन किमी दूर, दुर्गम राह व तीव्र ढाल, सूखे कुंड में पानी आना और कम ज्यादा होना, धधकते अंगारों पर बड़ा रोट कच्चा धागा लपेट कर पकाना और कच्चा धागा नही जलना, रोट दर्शन को उमड़ता सैलाब , वर्षा की सटीक भविष्यवाणी और सदियों से परम्परागत रूप से इस वैज्ञानिक युग में शत प्रतिशत सटीक विश्लेषण कर भविष्यवाणी करना जबकि मौसम विभाग की अधिकतर पूवार्नुमान सटीक नही बैठता है। रोट दर्शन शनिवार सुबह मण्डावर ग्राम में मंदिर परिसर में रात्रि काल में जलते अंगारों पर कच्चा सूत लपेट कर पकाये रोट को टोकरी में सजाकर जुलुस के साथ अलसुबह केरूण्डा से रवाना होकर मण्डावर गांव 7.30 बजे पहुँचेगा। रोट पर लपेटे कच्चे धागे के जलने या नही जलने तथा रोट के पकने के आधार पर मण्डावर के कुमटीया कुआँ (मालातों की गुआर) पर रोट दर्शन कराये जायेंगे और वर्षा की भविष्यवाणी होगी। इसके बाद मण्डावर के बड़वा कुएं पर ले जाकर रोट ग्रामवासियो व श्रदालुयों में बांटा जायेगा। यह है इतिहास मेवाड़ महाराणा मोकल के देवगढ़ मदारिया में सत्संग सभा में बाबा रामदेव आने में असमर्थता पर प्रतिनिधि के रूप में उनके चाचा धनराज रुणेचा से मदारिया जाते वक्त प्यास लगने एवं रामदेव देव के चमत्कार की परीक्षा लेने हेतु वर्तमान केरूण्डा मंदिर क्षेत्र में रुके और पानी की व्यवस्था की अरज की। इस पर चमत्कार अनुसार दुब उखाड़ने पर एकाएक जलधारा फुट पड़ी।यह जलधारा आज भी अविरल रूप से बह रही है।

# महापुराण कथा तत्वबोध तृतीय दिवस भक्ति भाव से श्रवण कराए गए

## विनम्रता सहजता सरलता ही धर्म की मनुष्यत्व है।

**देवगढ़ विद्याधर वैष्णव।** विकासोन्मुख नगर देवगढ़ में आमेट रोड रेलवे फाटक के समीप कुंदन पैलेस में उदयपुर से पधारे परम पूज्य संत श्री पुष्कर दास जी महाराज के मुखारबिंद से संगीतमय श्री भागवत महापुराण कथा तत्वबोध का श्रवण कराया जा रहा है आज तृतीय दिवस पर महात्मा मनु, सतरूपा, उत्तानपाद, कश्यप कपिलमुनि, भक्त ध्रुव महाराज के प्रसंग भक्ति भाव से श्रवण कराए गए । प्रताप भानु जालंधर वृंदा, भक्त सुखु बाई प्रसंग भी सुने गए । भगवान को बार-बार अवतार लेना पड़ा इसका मूल कारण मुनि नारद ने विष्णु को श्राप दिया, यह शिव पार्वती का संवाद है पार्वती इसमें भी विष्णु के अपराध को जानना चाहती हैं शिवजी ने बताया कि इस दुनिया में कोई ज्ञानी और मूड नहीं है परमात्मा जिस वक्त जिसको जैसा बनता है उसकी मति वैसी हो जाती है ।जब जब होई धर्म की हानि बाढ़ाही



परम पूज्य संत श्री पुष्कर दास जी

असुर और अभिमानी धर्म की स्थापना हेतु प्रभु का अवतार लेना पड़ता है मीरा की भक्ति तो मेरे भक्ति की पराकाष्ठा है वह कहती है ₹गली तो चारों बंद हुई है में हरी सु मिलु कैसे जाएं कोस कोस पर यम का पहरा कदम कदम बटमारह्व । काम क्रोध लोभ मोह माया जैसे शत्रु प्रभु से मिलने नहीं देते दुखों को जेल कर ही मीरा की भक्ति परिपक्व हुई सूखू बाई ने भी अनेक दुख पीड़ा सहन की तभी प्रभु भक्ति मिल पाई प्रभु नाम की दौलत कोई छीन नहीं सकता अंदर की गांठ ग्रंथि की शल्य चिकित्सा हमारे ग्रंथ ही कर सकते हैं । भागवत वह कल्पतरु है जिससे प्रत्येक मनुष्य अपने मनोरथ पूर्ण कर सकता है सांझ पड़ी हाक्या बलद क्यारों ना पीदो एक बीच में धोरों फूट गयों हिया फुट अब देखर₹ बावजी चतर सिंह जी ने समझाया कि जीवन में आनंद नहीं आया क्योंकि हमने अपने विकारों को नहीं मिटाया कोई ना कोई छिद्र है मन स्थिर और एकाग्र होने पर कथा मुक्ति प्रदान करती है - विनम्रता सहजता सरलता ही मनुष्यत्व है। सियाराम में सब जग जानी करहु प्रणाम जोरी जुग पानी प्रभु किस वेश में मिल जाए यह मनुष्य का भाग्य है जितने भी भक्त हुए हैं उन्हें विवेक से ही सत्संग प्राप्त हुआ है प्रभु कृपा ही अहंकार समाप्त करेगी । श्रीमद् भागवत महापुराण के मुख्य यजमान श्रीलाल कंसारा शांताबाई कंसारा ईश्वर लाल मुकेश ममता शोभा कंसारा ने पोथी पूजन कर व्यासपीठ का अभिनंदन किया देवगढ़ क्षेत्र से सैकड़ो धर्म प्रेमी सज्जन माता बहिनें कथा श्रवण कर रहे हैं जन सैलाब उमड़ रहा है श्री नेमीचंद नारायण लाल आमेट मगराज जोधपुर पृथ्वी सिंह कच्छावा श्याम जोशी बद्री जोशी इंद्रमल कंसारा रघुवीर सिंह दलपत सिंह मूलचंद पिंटू जगदीश चंद्र रूपेश रमेश कंसारा नंदकिशोर आमेट लीला देवी कमला देवी लहरी बाई बसंती बाई सहित सैकड़ो धर्म प्रेमी सज्जन उपस्थित है।

# श्री बाबा रामदेव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा आज

♦भारत टाइम्स♦

**भीनमाल( सतीश सुंदेशा )।** स्थानीय पुराना जुंजाणी बस स्टेशन के पास श्री बाबा रामदेव मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर गुरुवार को विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। मेघवाल समाज रामदेव सेवा संस्था हवेली पट्टी के अध्यक्ष पार्षद बागाराम मेघवाल ने कहां बाबा रामदेव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रथम दिन गणेश स्थापना एवं पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में बालक नाथ महाराज ढलोप, शंभू नाथ महाराज सैलानी चंचल प्राग मठ बाड़मेर, गणेश नाथ महाराज शिवनाथ आश्रम सांचौर, शिवनाथ महाराज रामचंद्र आश्रम



भण्डार, दयाल दास सहज ध्यान आश्रम आबू रोड की सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। बगाराम ने बताया कि गुरुवार को प्रात 8 बजे शोभा यात्रा हवन व रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रसिद्ध कलाकार अनिल नागौरी, ललिता पवार, नीलकंठ महादेव आर्ट ग्रुप हरियाणा धारा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। वही 10 मई को तोरण वंदना, मूर्ति विराजमान कलश स्थापना एवं फले चुन्दड़ी आयोजन किया जाएगा। 10 मई को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भारत सरकार के कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा, जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग एवं पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल मौजूद रहेंगे। इस दौरान अध्यक्ष पार्षद बागाराम मेघवाल, उपाध्यक्ष मसराराम काबावत, बिजाराम सोलंकी, नागजीराम परमार, दलाराम काबावत, दिनेश पंचाल , भावेश काबावत, वरदाराम पंचाल, छतराराम,कृष्ण कुमार,डायालाल कबावत, महेंद्र कुमार, खींमाराम, भमराराम हवेली पट्टी 24 गांव भीनमाल मौजूद थे। भव्य कलश यात्रा आज श्री बाबा रामदेव जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर आज भव्य कलश यात्रा पुराना जुजाणी से सुबह 8 बजे प्रारम्भ होते हुए पुनासा बस स्टैंड ,खेतलाजी मंदिर रोड ,बंजारा भाटो का मोहल्ला ,घांचियो का चौहटा से होते हुए मां लक्ष्मी मंदिर,खारी रोड, महावीर चौराहा, हाई स्कूल होते हुए होली चौक से रामदेव जी मंदिर, नीलकंठ महादेव मंदिर होते हुए पांडाल में कार्यक्रम स्थल में समापन होगा। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे।

# सारनाथ गेटवे साइनिंग आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट को मजबूत करेगा

## होटल करार पर आईएचसीएल ने सारनाथ में हस्ताक्षर किए

♦भारत टाइम्स♦

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी, इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) ने आज उत्तर प्रदेश के सारनाथ में एक होटल के लिए करार पर हस्ताक्षर किए। इस ग्रीनफील्ड परियोजना को गेटवे होटल का नाम दिया जाएगा।सुश्री सुमा वेंकटेश, कार्यकारी उपाध्यक्ष- रियल एस्टेट एंड डेवलपमेंट, आईएचसीएल ने कहा,ह्लयह हस्ताक्षर री-इमेजिन्ड गेटवे ब्रांड के लॉन्च के बारे में हमारी हालिया घोषणा के अनुरूप है। दुनिया भर के बौद्ध धर्मियों के लिए सारनाथ एक पवित्र तीर्थ स्थल है,



इसीलिए हमने इसे आध्यात्मिक स्थलों में विस्तार करने के लिए एक आदर्श स्थान माना। इस उद्यम के लिए राज होटल्स के साथ साझेदारी करके हमें बहुत खुशी हो रही है।"160 सुसज्जित कमरों का गेटवे सारनाथ शहर का सबसे बड़ा होटल बनेगा। इसमें पूरे दिन चलने वाला भोजनालय, बार और एक व्यायामशाला और एक स्विमिंग पूल सहित मनोरंजक सुविधाएं होंगी। 6,500 वर्ग फुट से बड़े विशाल बैंक्वेट हॉल और मीटिंग रूम्स के साथ, यह होटल सामाजिक और कॉर्पोरेट कार्यक्रमों के लिए एक आदर्श विकल्प होगा। श्री विशाल सिंह, अध्यक्ष-राज होटल्स (राज कॉम्प्लेक्स की एक इकाई) ने कहा, हम सारनाथ में पहला ब्रांडेड होटल शुरू करने के लिए भारत की अग्रणी हॉस्पिटैलिटी कंपनी आईएचसीएल के साथ साझेदारी करके बहुत खुश हैं। इससे शहर के हॉस्पिटैलिटी उद्यम को काफी बढ़ावा मिलेगा। सारनाथ विश्व स्तर पर बौद्ध धर्मियों के लिए चार सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थानों में से एक है और उत्तर प्रदेश में प्रसिद्ध बौद्ध सर्किट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसा माना जाता है कि ज्ञान प्राप्त करने के बाद गौतम बुद्ध ने अपना पहला उपदेश यहीं दिया था। इस होटल के जुड़ने से, आईएचसीएल के पास उत्तर प्रदेश में ताज, सेलेक्शंस, विवांता और जिंजर ब्रांड के तहत 24 होटल हो जाएंगे।

## बांदनवाड़ा स्टेशन यार्ड में स्थित समपार फाटक संख्या 29 सी (बांदनवाड़ा ब्यावर)आंशिक बंद रहेगा

♦भारत टाइम्स♦

**अजमेर/हिमांशु लक्षकार।** बांदनवाड़ा स्टेशन यार्ड में स्थित समपार फाटक संख्या 29 सी (बांदनवाड़ा ब्यावर पर मरम्मत कार्यहोने के कारण दिनांक 09 मई 2024 को सुबह 07:00 बजे से शाम 07:00 बजे तक आंशिक रूप से बन्द रहेगा। जिसके एवज में वाहन झड़वासा-बांदनवाडा के मध्य स्थित अंडरपास (आर यू बी) संख्या 28 से आवागमन चालू रहेगा।

# पांच दिवसीय बरसी महोत्सव का समापन आज

## शोभायात्रा में पीठाधीश्वर संतों का हुआ बाधवान

♦भारत टाइम्स♦

**बोरुंदा सोहनलाल वैष्णव।** रामस्नेही संप्रदाय नराणा पीठाधीश्वर ओमप्रकाश महाराज का संबाड़िया रामदास टांका दादूद्वारा में शोभायात्रा के साथ भव्य संतों का बधावना किया गया। बरसी महोत्सव के चौथे दिन बुधवार को नराणा पीठाधीश्वर ओम प्रकाश महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते कहा कि नशा जीवन का नाश करता है नशा एकमात्र व्यक्ति को नहीं पूरे परिवार को समाप्त करता है समाज को नशा पीछे धकेल देता है तो युवाओं से नशा पार्वती से बचने का आह्वान किया वहीं खेड़ापा धाम के पिता ईश्वर पुरुषोत्तम महाराज ने कहा कि परिवार व समाज में संस्कार युक्त शिक्षा व संस्कार युक्त कार्य करने चाहिए युवाओं में अधिक से अधिक संस्कार युक्त कार्य करने की सीख देने से ही समाज व देश का भला होगा। धर्म सभा को पोधाम आकेली के महंत रामनिवास महाराज सहित आधा दर्जन से अधिक संतों ने संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरूआत में गाजों बाजों के साथ संतों का बधावना किया गया। इस दौरान किशनदासजी





महाराज की समाधि स्थल पर छतरी का लोकार्पण व चरण पादुका स्थापित की गई। गुरुवार को समापन समारोह के दिन सुबह 9:15 बजे चरण पादुका की पूजा अर्चना व आरती के बाद महा प्रसादी का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम को लेकर सभी धर्मप्रेमी विभिन्न आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने में दिनभर जुटे रहे। धर्म सभा में भंवरलाल भाकल, गिरधारीराम प्रजापत, सोहनराम देवासी, होमाराम, मुरदन सिंह, चंद्रेश फडाक, जसाराम, बनाराम खोजा, बाबूलाल भाकल, दोलाराम भाकल, किशनाराम, चेनाराम भाकल, डांवरराम प्रजापत, रामनिवास भाकल व राजेंद्र भंवरिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

# संकुचित व षड्यंत्रकारी चुनावी विमर्श अत्यंत चिंतनीय

विगत चार दशकों से भारतीय जनता पार्टी भगवान राम के नाम पर राजनीति कर स्वयं को स्थापित करने की कोशिश करती रही है। आखिरकार धार्मिक ध्रुवीकरण व राम मंदिर की राजनीति ने उसे केंद्रीय सत्ता में आने में मदद की और यह भाजपा का लोकप्रिय मुद्दा बन गया। अब वही भाजपा इससे भी दो कदम आगे बढ़कर जहाँ सर्वव्यापी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम को अपना निजी 'भगवान ' समझने लगी है वहीँ अपने विरोधी दलों को राम विरोधी तो राम द्रोही आदि प्रचारित कर रही है। इसी दल की एक सांसद यहाँ तक कह चुकी है कि जो हमारे साथ हैं वह रामजादे हैं और जो खिलाफ हैं वह 'हराम जादे ' हैं। इसके साथ ही स्वयं बहुसंख्यकवाद की राजनीति करने वाली यही भाजपा अपने विरोधी दलों को अल्पसंख्यक परस्त व मुस्लिम तुष्टीकरण करने वाले दलों के रूप में पूरे जोर शोर से प्रचारित कर रही है। अपने इस 'अनैतिक' अभियान में वह वर्तमान चुनावी बेला में सार्वजनिक मंचों से जिन शब्दों व वाक्यों का इस्तेमाल कर रही है वह भारतीय राजनीति के इतिहास का अब तक का सबसे गिरा व निम्नस्तरीय चुनाव अभियान है। यह इस बात का भी परिचायक है कि अबकी बार चार सौ पार का हवाई नारा देने वाली भाजपा व इसके शीर्ष नेता समझ चुके हैं कि जनता अब उनके विघटनकारी मंसूबों को समझ चुकी है। और 400 पार की बात तो दूर इस बार तो उनकी सत्ता में वापसी पर भी प्रश्न चिन्ह लग चुका है। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर अयोध्या स्थित विवादित मंदिर मस्जिद मुकदमे का निर्णय सुनाया गया। इसी फैसले में केंद्र सरकार से एक ट्रस्ट बनाकर मंदिर निर्माण करने को कहा गया। यहाँ यह भी काबिल-ए-गौर है कि मंदिर-मस्जिद अदालती वाद परिवाद में मुद्दई के रूप में न तो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ था न विश्व हिन्दू परिषद् न ही भाजपा। परन्तु केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एन डी ए सरकार होने के नाते बड़ी ही चतुराई से ट्रस्ट के गठन से लेकर मंदिर निर्माण व उद्घाटन तक के इस पूरे प्रकरण का भाजपा द्वारा 'निजीकरण ' कर लिया गया। यहाँ तक कि 22 जनवरी 2024 को हुये मंदिर उद्घाटन के दौरान इसके प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक विधि विधान सम्बन्धी तौर तरीकों व समय को लेकर देश के चारों शंकराचार्यों सहित तमाम संतों महंतों द्वारा इसका कितना तार्किक विरोध किया गया। परन्तु उन सब की अनसुनी कर दी गयी। और मंदिर ट्रस्ट से लेकर इसके उद्घाटन तक को पूर्णतः भाजपाई इवेंट के रूप में पेश किया गया। और अब उसी आधार पर यह कहकर वोट माँगा जा रहा है कि 'जो राम को लाये हैं हम उनको लाएंगे'। देश के चारों शंकराचार्य ही नहीं बल्कि हजारों वरिष्ठ संतों ने तथा भाजपा विरोधी दलों ने यह बखूबी समझ लिया था कि ट्रस्ट गठन से लेकर प्राणप्रतिष्ठा तक का पूरा कार्यक्रम पूरी तरह राजनैतिक व अनैतिक है। इसी लिये जहां शंकराचार्यों ने इस आयोजन में शिरकत नहीं की वहीँ विपक्षी दलों के नेताओं ने भी 22 जनवरी के इस 'राजनैतिक आयोजन ' से दूरी बनाये रखी। इतना ही नहीं बल्कि कई प्रमुख केंद्रीय मंत्री व भाजपाई मुख्यमंत्री भी अभी तक अयोध्या के नवनिर्मित मंदिर दर्शन करने नहीं गए हैं। परन्तु भाजपा के निशाने पर केवल कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के नेता हैं। भाजपा इसे लेकर ऐसे ऐसे दुष्प्रचार कर रही है ताकि वह किसी तरह कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के अन्य दलों व उनके नेताओं को राम विरोधी साबित कर सके। अफसोस की बात तो यह है कि कल के धर्मनिर्पेक्षतावादी जो आज भगवा रंग में रंग रहे हैं उनसे भी भाजपा यही कहलवा रही है कि कांग्रेस राम विरोधी है। और कांग्रेस अयोध्या मंदिर दर्शन करने का विरोध करती है। जबकि सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेट अयोध्या दर्शन करने जा चुकी हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय रॉय पूरी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ राम मंदिर जा चुके। सांसद दीपेंद्र हुडा , छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जेसे तमाम कांग्रेस नेता 22 जनवरी के बाद अयोध्या जा चुके हैं। परन्तु कांग्रेस आला कमान ने किसी नेता से इस विषय पर कोई सवाल नहीं किया। क्योंकि कांग्रेस शुरू से यही मानती आ रही है कि धर्म व धर्म पालना किसी भी व्यक्ति का आस्था सम्बन्धी अत्यंत निजी विषय है। इसकी पालना करने या न करने का प्रत्येक व्यक्ति का अपना निजी अधिकार है। कांग्रेस ने न तो कभी राम के नाम पर वोट माँगा न ही राम के विरोध के नाम पर। परन्तु दुष्प्रचार की इंतेहा यह कि नरेंद्र मोदी स्वयं यह कह रहे हैं कि मैं 'लोकसभा चुनाव में 400 सीट इसलिए जीतना चाहता हूं कि ताकि कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर पर बाबरी ताला ना लगा दे। कांग्रेस की चली तो कांग्रेस कहेगी कि भारत में जीने का पहला हक भी उसके वोट बैंक (मुसलमानों) का है। लेकिन जब तक मोदी जिंदा है, नकली सेक्युलरिज्म के नाम पर भारत की पहचान मिटाने की कोई भी कोशिश मोदी सफल नहीं होने देगा, और ये हजारों वर्ष पुराने भारत को, उसकी इस संतान की गारंटी है। '' देश के प्रधानमंत्री के मुंह से निकला हुआ यह वाक्यविपक्षी दलों के लिये कितनी कुंठा से भरा व हताशा से परिपूर्ण प्रतीत होता है ? आजदेशमंहगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, अमेरिकी डालर के मुकाबले भारतीय मुद्रा में आ रही अभूतपूर्व गिरावट, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, (पीएसयू) के चंद निजी हाथों में सौंपे जाने जैसे अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों से जूझ रहा है। परन्तु सरकार के पास इनका न तो कोई जवाब है न ही इनके समाधान की कोई नीति। 2019 का चुनाव इसी मोदी सरकार ने मुफ़्त राशन पाने वाले लाभार्थी मतदाताओं के दम पर जीत लिया था । इसबार वही लाभार्थी श्रेणी भी यह समझ चुकी है कि यह तो राशन पर उन्हें आश्रित बनाये रखने की सत्ता की एक गहरी चाल है। लिहाजा इसबार बड़ी ही बेशर्मी के साथ हिन्दू मुसलमान,राम मंदिर,मंगल सूत्र,भैंस,मछली,गाय,जिहाद जैसे मुद्दों को चुनावी विमर्श के बीच लाकर लड़ा जा रहा है। आश्चर्य की बात तो यह है कि यह बातें भाजपा के किसी दूसरे व तीसरे दर्जे के नेता द्वारा नहीं बल्कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की जा रही हैं। जोकि देश के प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च गरिमामयी पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति की मान व प्रतिष्ठा के विरुद्ध है। और यह देश की बदनामी का भी कारक है। मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की इस तरह का संकुचित व षड्यंत्रकारी चुनावी विमर्श अत्यंत चिंतनीय है।

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर अयोध्या स्थित विवादित मंदिर मस्जिद मुकदमे का निर्णय सुनाया गया। इसी फ़ैसले में केंद्र सरकार से एक ट्रस्ट बनाकर मंदिर निर्माण करने को कहा गया। यहाँ यह भी काबिल-ए-गौर है कि मंदिर-मस्जिद अदालती वाद परिवाद में मुद्दई के रूप में न तो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ था न विश्व हिन्दू परिषद् न ही भाजपा।




# किधर जाएंगे बिश्नोई वोटर्स? अलग-अलग पार्टियों में भजनलाल के दोनों बेटे, इस बार सियासी रण से दूर

लगभग तीन दशक पहले भजन लाल बिश्नोई के तीन बार मुख्यमंत्री रहने का दौर जब खत्म हुआ तब से राजनीति में बिश्नोई परिवार का प्रभाव कम होने लगा। हरियाणा में पूर्व सीएम भजनलाल परिवार का काफी राजनीतिक महत्व माना जाता है। हरियाणा की राजनीति से जुड़ा सवाल यह है कि 2024 के आम चुनाव में बिश्नोई मतदाताओं और नेताओं का क्या रुख है? वह किस राह जाएंगे और किसे वोट करेंगे? चर्चा यह है कि हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों पर दोनों पार्टियों के प्रत्याशी घोषित होने के बाद सबसे ज्यादा नुकसान में पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल बिश्नोई का परिवार है, जिनका अभी भी बिश्नोई मतदाताओं पर काफी प्रभाव माना जाता है। पूर्व सीएम के दोनों बेटे अब अलग-अलग सियासी दल में हैं। एक कांग्रेस के लिए प्रचार कर रहा है और दूसरा बीजेपी से नाराज बताया जाता है, और खामोश है। इसलिए इस बार स्थिति बहुत स्पष्ट नहीं दिखाई दे रही है। हम इस आर्टिकल में आगे सिरसा लोकसभा के आकलन से इसे आसानी से समझ सकेंगे। क्यों नाराज हैं कुलदीप बिश्नोई? पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के बेटे कुलदीप बिश्नोई की नजरें हिसार लोकसभा सीट पर थी। लेकिन बीजेपी ने उन्हें टिकट ना देते हुए राज्य के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला को मैदान में उतार दिया। ऐसा भी कहा जा रहा था कि कुलदीप बिश्नोई को राजस्थान में भाजपा के उम्मीदवारों की लिस्ट में जगह मिलने की उम्मीद थी, जहां उनके समुदाय का काफी प्रभाव माना जाता है। लेकिन यह भी नहीं हो सका। जब राजस्थान, हरियाणा दोनों जगह से सभी टिकट फाइनल हो गए तो कुलदीप बिश्नोई का दुःख एक वीडियो संदेश के जरिए उमड़ कर सामने आ गया। जिसमें उन्होंने कहा कि बहुत निराशा है, लेकिन आगे एक लंबा जीवन है। वह 2022 में कांग्रेस के आदमपुर विधायक पद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। कम हो गया है बिश्नोई समाज का प्रभाव? लगभग तीन दशक पहले भजन लाल बिश्नोई के तीन बार मुख्यमंत्री रहने का दौर जब खत्म हुआ तब से राजनीति में बिश्नोई परिवार का प्रभाव कम होने लगा। 2005 में उन्हें फिरसे सीएम नहीं बनाया गया लेकिन उनके बेटे को डिप्टी सीएम का पद दे दिया गया। साल 2007 में भजन लाल और कुलदीप बिश्नोई ने कांग्रेस छोड़ हरियाणा जनहित कांग्रेस (लखउ) बना ली। पार्टी ने 2009 के विधानसभा चुनावों में छह सीटें जीतीं और बाद में पांच विधायक कांग्रेस में शामिल हो गए। भजन लाल की मृत्यु के बाद उनके बेटे कुलदीप बिश्नोई ने 2011 में भाजपा के समर्थन से उपचुनाव में हिसार लोकसभा सीट जीती। 2014 में उनकी पार्टी ने भाजपा के साथ गठबंधन में हिसार और सिरसा से लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन दोनों हार गई। बिश्नोई खुद हिसार से दुष्यंत चौटाला से हार गए, जो उस समय इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के उम्मीदवार थे। 2014 के विधानसभा चुनावों से पहले कुलदीप बिश्नोई की पार्टी ने भाजपा से नाता तोड़ लिया। जहां बीजेपी 90 में से 47 सीटें जीतकर सत्ता में आई वहीं रियाणा जनहित कांग्रेस (लखउ) सिर्फ 2 सीटों पर सिमट गई। 2016 में कुलदीप बिश्नोई ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया। सिरसा में बंटा बिश्नोई वोट : हरियाणा पर प्रभाव हम फिर उस सवाल पर आते हैं कि इस बार बिश्नोई वोट किस ओर रुख करेगा? इसका जवाब भजनलाल परिवार की चर्चा के बिना नहीं समझा जा सकता। ऐसा माना जाता है कि अब भी बिश्नोई समाज में भजनलाल परिवार की अच्छी पैठ है। अब सिरसा से हम इस तरह समझ सकते हैं कि सिरसा लोकसभा के 70 हजार बिश्नोई मतदाता भजनलाल परिवार के विभाजित होने से काफी प्रभावित हो सकते हैं। जहां पूर्व सीएम भजनलाल के दोनों बेटे अलग-अलग पार्टियों में हैं। सैनी सरकार गिराने में देंगे विपक्ष का साथ, दुष्यंत चौटाला बोले- बहुमत साबित करें उट वरना दे दें इस्तीफा उनके बड़े बेटे पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रमोहन सिरसा लोकसभा में कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी शैलजा के लिए प्रचार कर रहे हैं वहीं कुलदीप बिश्नोई अभी भी बीजेपी में हैं। ऐसे में बिश्नोई वोट किसी एक तरफ जाएगा ऐसा कह पाना आसान नहीं है। कुलदीप बिश्नोई अभी तक बीजेपी के लिए चुनावी प्रचार के तहत मैदान में दिखाई नहीं दिए हैं।




## संपादकीय

# बेटे की एक्स गर्लफ्रेंड कंगना रनौत के लिए चुनाव प्रचार करेंगे शेखर सुमन?

शेखर सुमन ने हाल ही में बीजेपी ज्वाइन की है। इस दौरान उन्होंने इस दौरान उन्होंने मीडिया से भी बात की। कंगना रनौत के साथ मंडी से चुनाव प्रचार करने के बारे में एक्टर ने कहा कि अगर एक्ट्रेस उन्हें बुलाएंगी तो वह जरूर जाएंगे। बीते दिन एक्टर शेखर सुमन ने दिल्ली में की सदस्यता ली है। इसके साथ ही अब वो और उनके बेटे अध्ययन सुमन की एक्स गर्लफ्रेंड एक्ट्रेस कंगना रनोट एक ही पॉलिटिकल पार्टी का हिस्सा बन चुके हैं। कंगना रनौत मंडी, हिमाचल प्रदेश से चुनावी मैदान में उतर रही हैं। अब ऐसा लग रहा है कि शेखर पुराने मतभेद भुलाकर कंगना के साथ काम करने को तैयार हैं। हाल ही में शेखर सुमन ने कंगना रनौत के लिए चुनाव प्रचार करने को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि वह कैम्पेनिंग के लिए तैयार हैं। क्योंकि ये उनका हक और फर्ज दोनों है। बता दें कि इन्ही शेखर सुमन ने कभी कंगना रनौत को जमकर कोसा था। यहां तक कि एक?ट्रेस पर काला जादू करने का आरोप भी लगाया था।



**कंगना को सपोर्ट करेंगे शेखर सुमन-** दरअसल शेखर सुमन ने पार्टी में शामिल होने के दौरान न्यूज एजेंसी कअठर से बातचीत की। इस दौरान उनसे पूछा गया था कि क्या वह अपने पुराने गिले शिकवे भूलकर, मंडी में कंगना रनौत के लिए चुनाव प्रचार करेंगे? इस पर एक्टर ने कहा, अगर वह बुलाएंगी तो क्यों नहीं जाएंगे। ये तो मेरा फर्ज है और हक भी। वो चाहते थे मैं उनके पैरों पर, जब राजेश खन्ना के साथ 7 साल तक लिव इन में रहीं एक्ट्रेस का छलका दर्द, बोलीं- फोन करके पूछते थे कंगना पर शेखर सुमन ने लगाए थे आरोप बता दें कि कंगना रनौत और अध्ययन ने राजः द मिस्ट्री कंटीन्यूज में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों ने साल 2008-09 में एक दूसरे को डेट किया। हालांकि इनका रिश्ता कुछ ही दिनों में खत्म हो गया था। ब्रेकअप होने के बाद एक्ट्रेस पर पिता और बेटे ने काला जादू का आरोप लगाया था। कहा था कि कंगना ने उन पर काला जादू किया था। वहीं अध्ययन इस ब्रेक अप के बाद डिप्रेशन में चले गए थे। मिजार्पुर 3 से पंचायत 3 और ह्यकोटा फैक्ट्री तक इन सीरीज का बजट कर देगा हैरान, जानिए कैसे ओटीटी पर होती है कमाई वहीं बीजेपी ज्वाइन करने से पहले शेखर सुमन ने जूम को दिए इंटरव्यू में कहा था कि ह्यहमारे बीच अब कोई विवाद नहीं है। मेरे ख्याल से इस बारे में बात करना बेकार है। वो एक दौर था जो अब गुजर चुका है। ह्यहम किसी भी चीज पर अभी तक टिके नहीं हैं, ना ही परिवार और ना अध्ययन। मुझे लगता है कि इस बारे में बात करना बेकार है। जैसा मैंने कहा कि ये उनके जीवन का सिर्फ एक दौर था। सभी अपने-अपने रास्ते पर चले गए हैं। इधर-उधर उंगली उठाने का कोई मतलब नहीं है कि ये सही है और ये गलत है।

## आस्था...

### 12 साल बाद बनने जा रहा है गुरु आदित्य राजयोग, इन राशियों का चमकेगा किस्मत का तारा....

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, गुरु और सूर्य की वृषभ राशि में युति से गुरु आदित्य राजयोग का निर्माण हो रहा है, जिससे इन राशियों को विशेष लाभ मिल सकता है.. गुरु और सूर्य बनाएंगे गुरु आदित्य राजयोग वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, नौ ग्रहों में से गुरु बृहस्पति काफी महत्वपूर्ण ग्रह माना जाता है। इसके राशि परिवर्तन करने का असर देश-दुनिया में देखने को मिलता है। बता दें कि गुरु करीब एक साल में राशि परिवर्तन करते हैं, जिससे उन्हें दोबारा एक राशि में आने में करीब 12 साल का वक्त लग जाता है। इस समय गुरु वृषभ राशि में विराजमान है। इसके साथ ही इस राशि में किसी न किसी ग्रह के युति होगी, जिससे कई तरह के राजयोगों का निर्माण हो रहा है। ऐसे ही ग्रहों के राजा सूर्य 14 मई को वृषभ राशि में प्रवेश कर जाएंगे। ऐसे में गुरु और सूर्य की युति से गुरु आदित्य नामक राजयोग का निर्माण हो रहा है। इस योग को काफी शुभ माना जाता है। आइए जानते हैं गुरु आदित्य योग बनने से किन राशियों को मिलेगा लाभ वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, देवताओं के गुरु बृहस्पति वृषभ राशि में विराजमान है। वहीं 14 मई को शाम 6 बजकर 4 मिनट पर वृषभ राशि में प्रवेश कर जाएंगे और गुरु आदित्य राजयोग का निर्माण होगा। ये योग 15 जून को सूर्य के राशि परिवर्तन करने के साथ समाप्त हो जाएगा। ज्योतिष में सूर्य आत्मा, पिता, अहंकार और आत्मविश्वास का प्रतिनिधित्व माना जाता है। इसके साथ ही गुरु बृहस्पति को धन, ज्ञान और खुशी का प्रतिनिधित्व माना जाता है। राशि में दूसरे भाव में गुरु आदित्य योग बन रहा है। इस भाव को वाणी, संपत्ति और परिवार के भाव माना जाता है। ऐसे में इस राशि के जातकों को विशेष लाभ मिलेगा। इस राशि के जातक अपनी बात को लेकर मुखर होंगे। इससे इन्हें लाभ मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा समय बीतेगा। मेष राशि के छात्रों के लिए ये समय अनुकूल रहने वाला है। एकाग्रता में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही संतान की ओर से खुशियां मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों को भी लाभ मिलने के आसार नजर आ रहे हैं। वह अपने लक्ष्यों को पाने में प्रयासरत नजर आएंगे। ऐसे में आपको लाभ मिल सकता है। समाज में मान-सम्मान मिलेगा। भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी। 3 दिन बाद शुक्र के नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश, इन राशियों के हर काम होंगे पूरे, तरक्की के साथ आकस्मिक धन लाभ के योग इस राशि के दसवें भाव में गुरु आदित्य योग का निर्माण हो रहा है।

## आज का राशिफल

### मेष: चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

**मेष:** असहजता आपकी मानसिक शांति में बाधा पैदा कर सकती है, लेकिन कोई दोस्त आपकी परेशानियों के समाधान में काफी मददगार साबित होगा। तनाव से बचने के लिए मधुर संगीत का सहारा लें। अपने निवेश और भविष्य की योजनाओं को गुप्त रखें। आपके प्रियजन खुश हैं और आपको शाम के लिए उनके साथ कोई योजना बनानी चाहिए। आज आपको निराशा हाथ लग सकती है, क्योंकि मुमकिन है कि आप अपने प्रिय के साथ सैर-सपाटे पर न जा पाएँ।

### वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

**वृषभ:** जब सेहत से जुड़ा मामला हो तो खुद को अनदेखा नहीं करना चाहिए और सावधानी बरतनी चाहिए। आज सिर्फ बैठने की बजाय कुछ ऐसा कीजिए जो आपकी कमाई में इजाफा कर सके। आज आपका ऊर्जा से भरपूर, जिंदादिल और गर्मजोशी से भरा व्यवहार आपके आस-पास के लोगों को खुश कर देगा। आपके महसूस करेंगे कि फि जाओं में प्यार घुला हुआ है। नजरें उठाकर तो देखिए, आपको सब-कुछ प्रेम के रंग में रंगा दिखाई देगा। आपका व्यवसाय और मोल-भाव करने की क्षमता फायदेमंद साबित होगी।

### मिथुन: क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।

**मिथुन:**आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई खुशनुमा पल लेकर आएगा। अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर आज आप भविष्य के लिए कोई आर्थिक योजना बना सकते हैं और उम्मीद है कि यह योजना सफल भी होगी। बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान लगाने और भविष्य के लिए योजना बनाने की जरूरत है। किसी की प्यार में कामयाबी मिलने की कल्पना को सच कराने में मदद करें। मानसिक स्पष्टता आपको व्यवसाय में प्रतिस्पर्धियों पर बढ़त दिलाएगी। आप सारी पुरानी दुविधाएँ खत्म करने में भी सफल रहेंगे।

### कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

**कर्क:** अगर आप पर्याप्त आराम नहीं कर रहें है तो आप बहुत ज्यादा थकान महसूस करेंगे और आपको अतिरिक्त आराम की जरूरत होगी। अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर आज आप भविष्य के लिए कोई आर्थिक योजना बना सकते हैं और उम्मीद है कि यह योजना सफल भी होगी। आपको अपना बाक ी वक़्त बच्चों के संग गुजारना चाहिए, चाहे इसके लिए आपको कुछ खास ही क्यों न करना पड़े। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल रहेगा। चीजें कार्यक्षेत्र में बेहतर नजर आती हैं। पूरे दिन आपका मिजाज बढ़िया रहेगा।

### सिंह: मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

**सिंह:** तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें। प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक नहीं होगा। ऐसा कोई जिसके साथ आप रहते हैं, आज आपके किसी काम की वजह से बहुत झुंझलाहट महसूस करेगा। आपके प्रेम की राह एक खूबसूरत मोड़ ले सकती है। आज आपको पता चलेगा कि फि जाओं में जब प्यार घुलता है तो कैसा महसूस होता है। दफ़्तर में आपको कुछ ऐसा काम मिल सकता है, जिसे आप हमेशा से करना चाहते थे। कार्यक्षेत्र के किसी काम में खराबी की वजह से आज आप परेशान रह सकते हैं।

### कन्या: टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

**कन्या:** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं। बिना किसी की मदद के भी आप धन कमा पाने में सक्षम हो सकते हैं बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरुरत है। दोस्त आपके निजी जीवन में जरूरत से ज्यादा दखलअंदाजी करेंगे। अपने प्रिय के साथ आज अच्छी तरह बर्ताव करें। अपने बॉस/वरिष्ठों को घर पर बुलाने के लिए अच्छा दिन नहीं है। हितकारी ग्रह कई ऐसे कारण पैदा करेंगे, जिनकी वजह से आज आप खुशी महसूस करेंगे। जीवनसाथी यह जता सकता है कि आपके साथ रहने का क्या-क्या खामियाजा उसे भुगतना पड़ रहा है।

### तुला: रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

**तुला:** धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता जरूर दिलाएंगे। नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज धन की बहुत आवश्यकता पड़ेगी लेकिन बीते दिनों में किये गये फिजुलखर्च के कारण उनके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। बच्चे आपको घरेलू काम-काज निबटाने में मदद करेंगे। याद रखिए कि आँखें कभी झूठ नहीं बोलतीं। आज आपके प्रिय की आँखें आपको वाकई कुछ खास बताएंगी। काम पर लोगों के साथ मेलजोल में समझ और धैर्य से सावधानी बरतें। इस राशि के जातक आज खाली वक्त में रचनात्मक काम करने का प्लान तो बनाएंगे।

### वृश्चिक: तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

**वृश्चिक:** कुछ लोग सोच सकते हैं कि आप नया सीखने के लिए काफी उम्रदराज हो चुके हैं- लेकिन यह सच्चाई से बहुत दूर है- आप अपने तेज और सक्रिय दिमाग की वजह से कुछ भी आसानी से सीख सकते हैं। आज यार दोस्तों के साथ पार्टी में आप खूब पैसे लुटा सकते हैं लेकिन इसके बावजूद भी आपका आर्थिक पक्ष आज मजबूत रहेगा। प्रभावशाली और महत्वपूर्ण लोगों से परिचय बढ़ाने के लिए सामाजिक गतिविधियाँ अच्छा मौका साबित होंगी। शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और कोशिश करें कि यह ज्यादा-से-ज्यादा रुमानी हो।

### धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

**धनु:** आपका दानशीलता का व्यवहार आपके लिए छुपे हुए आशीर्वाद की तरह सिद्ध होगा, क्योंकि यह आपको शक, अनास्था, लालच और आसक्ति जैसी खराबियों से बचाएगा। निवेश के लिए अच्छा दिन है, लेकिन उचित सलाह से ही निवेश करें। ऐसा कोई जिसे आप जानते हैं, आर्थिक मामलों को जरूरत से ज्यादा गंभीरता से लेगा और घर में थोड़ा-बहुत तनाव भी पैदा होगा। आज का दिन प्रेम के रंगों में डूबा रहेगा लेकिन रात के वक्त किसी पुरानी बात को लेकर आप झगड़ सकते हैं। तब तक कोई वादा न करें, जब तक कि आप पूरी तरह उसे पूरा करने में सक्षम न हों।

### मकर: भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

**मकर:** कुछ तनाव और मतभेद आपको चिड़चिड़ा और बेचैन बना सकते हैं। आज इस राशि के कुछ बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी। आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा, क्योंकि आपका जीवन-साथी आपको खुशी देने का हर प्रयास करेगा। रोमांचक दिन है, क्योंकि आपके प्रिय का फोन आएगा। ऐसे लोगों से हाथ मिलाएँ जो रचनात्मक हैं और जिनके खयालात आपसे मिलते हैं। कारोबारी आज करोबार से ज्यादा अपने परिवार के लोगों के बीच समय बिताना पसंद करेंगे। इससे आपके परिवार में सामंजस्य बनेगा।

### कुंभ: गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

**कुंभ:** आज आप उम्मीदों की जादुई दुनिया में हैं। अपने धन का संचय कैसे करना है यह हुनर आज आप सीख सकते हैं और इस हुनर को सीख कर आप अपना धन बचा सकते हैं। ऐसे कामों में सहभागिता करने के लिए अच्छा समय है, जिसमें युवा लोग जुड़े हों। आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं। अगर आप सीधा जवाब नहीं देंगे तो आपके सहयोगी आपसे नाराज हो सकते हैं। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद भी आज आप अपने लिए समय निकालपाने में सक्षम होंगे। खाली वक्त में आज कुछ रचनात्मक कर सकते हैं।

### मीन: दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

**मीन:** अध्यात्म की सहायता लेने का सही समय है, क्योंकि मानसिक तनाव को मार भगाने के लिए यह सबसे बेहतरीन विकल्प है। ध्यान और योग आपकी मानसिक मजबूती को बढ़ाने में कारगर रहेंगे। धन आपके लिए जरुरी है लेकिन धन को लेकर इतने संजीदा न हो जाएं कि अपने रिश्तों को ही खराब कर दें। विवाद, मतभेद और दूसरों की आपमें कमियाँ निकालने की आदत को नजरअन्दाज करें। आपका साहस आपको प्यार दिलाने में सफल रहेगा। योजनाओं को अमली जामा पहनाने और नयी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए अच्छा दिन है।



# ऑनलाइन टीचिंग में चुन सकते हैं पार्ट टाइम या फुल टाइम कॅरियर

एजुकेशन एक्सपर्ट कहते हैं कि ऑनलाइन ट्यूशन वास्तव में होम ट्यूशन का ही एक एडवांस मैथड है। इसमें ई-ट्यूटरिंग के जरिए बच्चों को पढ़ाया जाता है। ऑनलाइन ट्यूटरिंग का मूल लाभ यह है कि ट्यूटर छात्र को किसी भी स्थान से, यहां तक कि वह अपने घर पर रहकर भी टीचिंग कर सकता है। ऑनलाइन टीचिंग के दौरान समय को पहले से ही सुनिश्चित किया जाता है और फिर ऑनलाइन क्लासरूम में छात्र व टीचर मिलते हैं और पढ़ते व पढ़ाते हैं। इस नौकरी के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि इसे आप अपने समय के अनुसार, पार्ट टाइम या फुल टाइम कॅरियर चुन सकते हैं। इसके अलावा यह आय का एक अच्छा स्रोत प्रदान करता है।

## योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट की मानें तो एक ऑनलाइन ट्यूटर के पास विशेषज्ञता के आधार पर योग्यता होनी आवश्यक है। मसलन, आप किसी विशेष भाषा के ऑनलाइन ट्यूटर बनना चाहते हैं तो आपको उस भाषा से संबंधित कम से कम सर्टिफिकेट कोर्स अवश्य करना चाहिए। इसके अलावा, बीएड, एमएड या नेट, आदि के बाद भी आप शिक्षण के क्षेत्र को चुन सकते हैं।

एक ऑनलाइन ट्यूटर बनने के लिए सबसे जरूरी स्किल है पढ़ाई के प्रति जुनून। अर्थात ना सिर्फ आपको दूसरों को पढ़ाना पसंद होना चाहिए, बल्कि खुद भी हमेशा कुछ ना कुछ नया सीखने की चाहत होनी चाहिए। चूंकि आप ऑनलाइन टीचिंग कर रहे हैं, इसलिए आपमें तकनीकी गुण भी होने चाहिए। मसलन, कंप्यूटर व इंटरनेट के इस्तेमाल के साथ-साथ बच्चों के लिए प्रेजेंटेशन आदि भी बनाने आने चाहिए। इसके अलावा, ऑनलाइन टीचिंग के दौरान आपके कम्युनिकेशन स्किल भी काफी अहम हैं। याद रखें कि दूसरों को पढ़ाना एक बेहद सीरियस काम है और इसके लिए कमिटमेंट की जरूरत होती है।

ऑनलाइन ट्यूटर बनने के लिए आपको बहुत अधिक मेहनत करने की आवश्यकता नहीं है। अगर आप अब तक ट्यूशन पढ़ाते आए हैं तो अब आप उन्हीं बच्चों को ऑनलाइन ट्यूशन पढ़ाने की शुरूआत कर सकते हैं। इसके अलावा, ऐसी कई कंपनियां व वेबसाइट हैं, जो टीचर्स को हायर करके ऑनलाइन पढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे में आपको ऑनलाइन छात्र ढूंढने की भी जरूरत नहीं है। बस इन कंपनियों के साथ जुड़कर आप एक अच्छा करियर बना सकते हैं।

## आमदनी

ऑनलाइन ट्यूशन एक ऐसा क्षेत्र है, जहां पर अनुभवी टीचर्स काफी अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। शुरूआत में एक टीचर करीबन 200 रूपए प्रति घंटा चार्ज कर सकते हैं। वहीं कुछ समय के अुनभव, बाद आप 500 रूपए प्रति घंटा प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप इस क्षेत्र में अपनी क्वालिटी को साबित करते हैं और छात्रों को आपके पढ़ाने का तरीका पसंद आता है, तब आपकी कमाई की कोई सीमा नहीं है।



# सेरिकल्चरिस्ट के लिए उपलब्ध हैं करियर की असीम संभावनाएं

**अगर आपको फार्म प्रोडक्शन और उससे जुड़ी प्रक्रिया में रुचि है, तो आप बन सकते हैं बेहतरीन सेरिकल्चरिस्ट।**

एग्रीकल्चर एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें बेहतरीन करियर का स्कोप तो है ही, देश की अर्थव्यवस्था को गति देने का शानदार मौका भी है। यही नहीं, विस्तृत होने के कारण इससे जुड़ी कई सब-फील्ड्स हैं, जिनमें करियर की असीम संभावनाएं मौजूद हैं। ऐसी ही एक सब-फील्ड है, सेरिकल्चर। दुनिया भर में भारत के सिल्क की बढ़ती मांग के कारण सेरिकल्चरिस्ट के लिए बहुत-से करियर ऑप्शंस उपलब्ध हैं।

## क्या है सेरिकल्चर?

सेरिकल्चर फार्मिंग पर आधारित और व्यवसायिक रूप से बेहद आकर्षक गतिविधि है। मूलत- कीटों से रेशम बनाने की प्रक्रिया को सेरिकल्चर कहते हैं, लेकिन अब यह उद्योग सिर्फ कीटों तक सीमित नहीं है बल्कि मल्बरी कल्टिवेशन और पोस्ट कोकून टेक्नोलॉजी जैसी नई प्रक्रियाओं से जुड़ चुकी है। आज के समय में यह एग्रो-बेस्ड इंडस्ट्री, ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रही है।

## कौन-से कोर्स?

इस फील्ड में करियर बनाने के लिए आप सेरिकल्चर या सिल्क टेक्नोलॉजी में बीएससी या डिप्लोमा इन सेरिकल्चर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कर सकते हैं। हालांकि इसके लिए इंटर में आपके पास बायोलॉजी और केमिस्ट्री जैसे विषय होने जरूरी हैं। आम डिग्री कोर्स से अलग सेरिकल्चर या सिल्क टेक्नोलॉजी में चार साल का डिग्री कोर्स होता है, जबकि पोस्ट ग्रेजुएशन दो साल का होता है। आप चाहें, तो इस फील्ड में स्पेशलाइजेशन और फिर पीएचडी भी कर सकते हैं। ग्रेजुएशन में स्टूडेंट्स को सिल्कवर्म रियरिंग, ब्रीडिंग एंड जेनेटिक्स, सिल्क रीलिंग एंड स्पिनिंग, सिल्क ग्रेडिंग एंड टेस्टिंग, मॉरीकल्चर, फूड प्लांट्स, सिल्क वीविंग टेक्नोलॉजी, सिल्क डाइंग, प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- सेंट्रल सेरिकल्चरल रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, मैसूर
- शेरे-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी, जम्मू
- तमिल नाडु एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, कोयंबत्तूर
- यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसे, बेंगलुरू
- बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी, लखनऊ
- दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- शिवाजी यूनिवर्सिटी, कोल्हापुर

## जरूरी स्किल्स

इस फील्ड में करियर बनाने के लिए शारीरिक दमखम की बहुत जरूरत होती है। इसके अलावा आपमें धैर्य, समर्पण तथा अलग-अलग व खराब मौसम में भी काम करने की क्षमता होनी चाहिए। साथ ही, साइंस प्रैक्टिकल व साइंटिफिक गतिविधियों में रुचि होना चाहिए। भविष्य की संभावनाएं बतौर सेरिकल्चरिस्ट, आपके पास नौकरी व एंटरप्रेन्योरशिप के कई विकल्प मौजूद हैं। खास बात यह है कि देश के हर राज्य में सेरिकल्चर विभाग मौजूद है, जो इसके उत्पादन व मार्केटिंग की देख-रेख का काम करते हैं। आप सरकारी क्षेत्र में केंद्र सरकार की एजेंसियों जैसे सेंट्रल सिल्क बोर्ड, सिल्क एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, एफएओ, नाबार्ड, कृषि विज्ञान केंद्र आदि में काम कर सकते हैं।

इसके अलावा रिसर्च सेंटर्स, सेरिकल्चर यूनिट्स, एग्रीकल्चर सेक्टर से जुड़े बैंक्स में भी अपना करियर प्लान कर सकते हैं। अगर आप इंडस्ट्री से जुड़कर काम करना चाहते हैं, तो सेरिकल्चर फार्म में बतौर मैनेजर, या फिर सिल्क रीलिंग, सिल्क वीविंग मिल, डाइंग, प्रिंटिंग अथवा स्पिनिंग मिल में काम कर सकते हैं। केंद्र सरकार कई स्कीम्स स्पॉन्सर करती है, जहां आपको करियर के बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। आप खुद का वीविंग तथा एक्सपोर्ट का बिजनेस कर सकते हैं।

## कितनी आय

जो प्रोफेशनल्स अच्छी ट्रेनिंग के साथ पब्लिक सेक्टर में अपना करियर शुरू करते हैं, उनकी शुरूआती सैलरी 15 से 20 हजार रुपए प्रति माह होती है, जबकि प्राइवेट सेक्टर में आप 20 से 25 हजार रुपए प्रति माह की सैलरी से शुरूआत कर सकते हैं। सैलरी अनुभव के साथ बढ़ती है। हालांकि इस पर भी काफी कुछ निर्भर करता है कि आप कहां काम कर रहे हैं। बतौर एंटरप्रेन्योर आप बेहतरीन कमाई कर सकते हैं। एयरइंडिया में जॉब पाने का मौका, ट्रेनी केबिन क्रू के पद पर वैकेंसीज





# विद्यार्थियों के एंटरप्रेन्योरशिप पोटेंशियल को निखारते हैं बी-स्कूल

**इसमें कोई शक नहीं कि बिजनेसमैन की वर्तमान पीढ़ी उच्च शिक्षित है और इनमें से अधिकांश के पास टेक्निकल व मैनेजमेंट डिग्रियां हैं। यदि हम भारत के सर्वश्रेष्ठ मैनेजमेंट संस्थानों के करिकुलम को देखें, तो पाएंगे कि इनमें फोकस केवल किताबी ज्ञान पर नहीं होता, बल्कि विद्यार्थियों के एंटरप्रेन्योरशिप पोटेंशियल को निखारने पर भी होता है।**

इस बात पर बहस लंबे समय से चल रही है कि देश के सर्वश्रेष्ठ बिजनेस स्कूल्स से ली गई मैनेजमेंट की डिग्री सफल एंटरप्रेन्योर बनने में कितनी और कैसे काम आती है। इस मुद्दे के पक्ष और विपक्ष दोनों ही में तर्क दिए जाते हैं। इसमें कोई शक नहीं कि बिजनेसमैन की वर्तमान पीढ़ी उच्च शिक्षित है और इनमें से अधिकांश के पास टेक्निकल व मैनेजमेंट डिग्रियां हैं। ऐसा कहा जाता है कि क्लास में पढ़ाई जानी वाली थ्योरी कभी भी काम करते हुए हासिल किए गए व्यवहारिक ज्ञान की जगह नहीं ले सकती। मगर यदि हम भारत के सर्वश्रेष्ठ मैनेजमेंट संस्थानों के करिकुलम को देखें, तो पाएंगे कि इनमें फोकस केवल किताबी ज्ञान पर नहीं होता, बल्कि विद्यार्थियों के एंटरप्रेन्योरशिप पोटेंशियल को निखारने पर भी होता है। तो चलिए, इस बात पर बिंदुवार नजर डालते हैं कि किसी टॉप बिजनेस स्कूल में पढ़ने पर आपको क्या मिलता है। बिजनेस स्टडीज एंड एडमिनिस्ट्रेशन प्रोग्राम्स आपको मौजूदा बिजनेस शैलियों, मार्केट रिसर्च डेटा, रियल टाइम तथा तथ्यात्मक केस स्टडीज का एक्सपोजर देते हैं, जो बेहद मूल्यवान साबित होता है। इन मॉडल्स और ट्रेंड्स के बारे में अच्छी तरह जानकर आप इन्हें अपने बिजनेस पर लागू कर सकते हैं। एक प्रकार से यह दूसरों की गलतियों से सीखने के समान होगा। किसी टॉप बिजनेस संस्थानके विद्यार्थी होने के नाते आपका एक्सपोजर देश तक सीमित भी नहीं रहेगा।

## टेक्नोलॉजी

हम बेहद तेज रफ्तार दुनिया में जी रहे हैं और जहां तक बात नई व इनोवेटिव टेक्नोलॉजी की है, तो हम चल ही नहीं रहे, बल्कि दौड़ रहे हैं। किसी टॉप बिजनेस स्कूल के विद्यार्थी होने के नाते आपको विभिन्न नए टूल्स व टेक्नोलॉजीस को समझने और उनके साथ प्रयोग करने का अवसर मिलता है। ऐसे सॉफ्टवेयर, जो मैथमेटिकल मॉडलिंग को सरल बना दें और स्मार्ट प्रेजेंटेशन को वास्तविकता में बदल दें, आपको अपना बिजनेस शुरू करने में काफी मदद कर सकते हैं। ऐसी छोटी-छोटी बातों से आपके कामकाज को एक प्रोफेशनल टच मिल जाता है।

## स्किल्स

किसी टॉप बिजनेस स्कूल में जाने से यह भी सुनिश्चित हो जाता है कि आपकी सॉफ्ट स्किल्स में निखार आएगा, जैसे पब्लिक स्पीकिंग, इंटर-पर्सनल कम्युनिकेशन, क्रिएटिविटी, लीडरशिप आदि। ये स्किल्स उन लोगों के लिए बहुत मायने रखती हैं, जो अपना बिजनेस चलाते हैं और रोजाना कई लोगों से डील करते हैं, फिर चाहे वे कर्मचारी हों, क्लाइंट हों या वेंडर आदि हों।

## सही लोगों से मुलाकात

किसी अच्छे इंस्टीट्यूट में पढ़ते हुए आपको कई प्रसिद्ध हस्तियों से मिलने का मौका मिलता है। ये हस्तियां विजिटिंग फैकल्टी या गेस्ट प्रेजेंटर के तौर पर वहां आ सकती हैं। फिर, यह भी संभव है कि आपको अपने सहपाठियों में से ही कोई भावी बिजनेस पार्टनर मिल जाए! सर्वश्रेष्ठ एमबीए कॉलेज देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को आकर्षित करते हैं। इसलिए यहां आपकी जान-पहचान ऐसे प्रतिभाशाली लोगों से होने की संभावना काफी अधिक रहती है। यह जान पहचान किसी-न-किसी रूप में काम ही आती है।

## साख मायने रखती है

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि किसी टॉप बिजनेस स्कूल से डिग्री लेकर जब आप सबको उस बिजनेस स्कूल का नाम बताएंगे, तो एंटरप्रेन्योर के तौर पर आपकी प्रामाणिकता भी बढ़ जाएगी। इससे आपके साथ डील करने वाली पार्टियों का आपके प्रति विश्वास बढ़ेगा। कुल मिलाकर, देश के किसी दिग्गज बिजनेस स्कूल से मैनेजमेंट की डिग्री लेना फायदे का ही सौदा होता है क्योंकि यहां आपको केवल किताबी ज्ञान ही नहीं मिलता, बल्कि इससे कहीं अधिक लाभ प्राप्त होता है।



# वॉटर मैनेजमेंट में अपना करियर बना सकते हैं युवा

**जल** संरक्षण व प्रबंधन पर अब सरकारें और औद्योगिक प्रतिष्ठान भी ज्यादा जोर दे रहे हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए वॉटर मैनेजमेंट के प्रोफेशनल्स की जरूरत बढ़ रही है। ये ऐसे प्रशिक्षित लोग होते हैं, जिन्हें वॉटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट तथा वॉटर रिसाइक्लिंग की अच्छी समझ होती है। उधर, भूजल के स्तर को सुधारने के लिए आधुनिक तकनीकों की भी मांग बढ़ रही है। केंद्रीय जल संसाधन विभाग की ओर से जारी राष्ट्रीय जल नीति में भी पानी के कुप्रबंधन पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में ज्यादा से ज्यादा वैज्ञानिक प्लानिंग पर जोर देने की बात कही गई है। जाहिर-सी बात है कि दिनो-दिन बढ़ते जल संकट को दूर करने के लिए वॉटर साइंटिस्ट, एन्वायर्नमेंट इंजीनियर, ट्रेंड वॉटर कंजर्वेशनिस्ट या कहें विभिन्न प्रकार के वॉटर मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की मांग बनी रहेगी। ग्रीन जॉब्स मार्केट में आकर्षक जॉब्स के अवसर बहुत हैं। वॉटर मैनेजमेंट में ट्रेंड प्रोफेशनल्स की जल प्रबंधन से जुड़े सरकारी विभागों में तथा वॉटर प्रोजेक्ट्स में खूब मांग है। निजी क्षेत्र में भी पेयजल आपूर्ति तथा वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट से संबंधित कार्यों के लिए प्रशिक्षित लोगों को ही हायरिंग में तवज्जो दी जा रही है। बड़े-बड़े उद्योग, रियल एस्टेट सेक्टर और एनजीओ भी वॉटर हार्वेस्टिंग डिजाइनिंग तथा जल संचयन के लिए वॉटर मैनेजमेंट की पृष्ठभूमि वाले प्रोफेशनल्स की सेवाएं ले रहे हैं। आप चाहें, तो कंसल्टेंट बनकर भी करियर बना सकते हैं क्योंकि ऐसे लोगों की वॉटर ट्रीटमेंट सिस्टम्स के संचालन और देखरेख के लिए मांग लगातार बढ़ रही है।

## क्वॉलिफिकेशन

जल प्रबंधन और संरक्षण पर आधारित कई तरह के कोर्स देश के विभिन्न सरकारी और निजी संस्थानों में संचालित हो रहे हैं। युवा वॉटर साइंस, वॉटर कंजर्वेशन, वॉटर मैनेजमेंट, वॉटर हार्वेस्टिंग, वॉटर ट्रीटमेंट तथा वॉटर रिसोर्स मैनेजमेंट जैसी किसी भी स्ट्रीम में कोर्स करके अपना करियर बना सकते हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में वॉटर हार्वेस्टिंग एंड मैनेजमेंट नाम से ऐसा ही एक सर्टिफिकेट कोर्स संचालित हो रहा है। 10वीं पास युवा यह कोर्स कर सकते हैं। अगर आप बायोलॉजी विषय में 12वीं पास हैं, तो एक्वा साइंस या वॉटर साइंस में बीएससी और एमएससी भी कर सकते हैं। एग्रीकल्चर/ सिविल इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग, जियोलॉजी, एन्वायर्नमेंटल स्टडीज या बायोलॉजी में बैचलर्स की पढ़ाई करके वॉटर साइंटिस्ट, एन्वायर्नमेंट इंजीनियर, बायोलॉजिस्ट, हाइड्रो जियोलॉजिस्ट या जियोलॉजिस्ट बन सकते हैं।

## सैलरी कितनी?

वॉटर मैनेजमेंट में डिप्लोमाधारी युवा शुरूआत में आसानी से 15 से 25 हजार रुपए प्रति माह सैलरी पा सकते हैं। वहीं, वॉटर साइंटिस्ट या इंजीनियर को भी 30 से 40 हजार रुपए प्रति माह की सैलरी मिल जाती है।

## क्या है वॉटर मैनेजमेंट?

देश-दुनिया में वॉटर कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट की कोशिश कई स्तरों पर चल रही है ताकि दिनो-दिन गहराते जल संकट से पार पाया जा सके। इसके लिए नदियों और भूजल में बढ़ रहे प्रदूषण को कम करने से लेकर भूजल स्तर सुधारने, परंपरागत जल स्रोतों को सुरक्षित रखने तथा आधुनिक तकनीकों के सहारे वॉटर हार्वेस्टिंग की विधियां विकसित करने व वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट जैसे अनेक उपायों पर जोर दिया जा रहा है। कम पानी से कृषि की उत्पादकता बनाए रखने का प्रयास भी इसी मुहिम का हिस्सा है।



मृतक की पत्नी व भाई ने मिलकर दिया था हत्या को अंजाम

# रावटी थाना अंतर्गत युवक की हत्या का पुलिस ने किया पर्दाफाश

**सूचना पर थाना रावटी पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।**



♦भारत टाइम्स♦

**रतलाम / जगदीश परमार। घटना का संक्षिप्त विवरण** – दिनांक 29.04.2024 की रात्री करीबन 12.30 बजे थाना रावटी पर सूचना मिली की ग्राम हरथल निवासी छोटु पिता लालु गरवाल की उसके घर पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गई है। सूचना पर थाना रावटी पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। घटना पर थाना रावटी पर मर्ग क्रमांक 35/2024 धारा 174 जा.फौ. व अपराध क्रं. 228/24 धारा 302 भादवि का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री राहुल कुमार लोढा द्वारा घटना की गंभीरता के दृष्टिगत घटना के खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री राकेश खाखा एवम एसडीओपी सैलाना सुश्री नीलम बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रावटी जयप्रकाश चौहान के नेतृत्व में थाना रावटी एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम का गठन कर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर भौतिक साक्ष्य एकत्रित किए गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। फोरेंसिक टीम द्वारा घटना स्थल पर उपस्थित होकर फोरेंसिक अधिकारी द्वारा घटना स्थल से महत्वपुर्ण साक्ष्य एकत्रित किये। मृतक के परिजनों एवम ग्रामीणों से घटना के संबंध में पूछताछ की गई। पूछताछ में यह तथ्य सामने आए की घटना के दिन मृतक अपनी पत्नी रेखा गरवाल व दो बच्चो के साथ घर पर सो रहा था। घर के पास ही मृतक का छोटा भाई सोहन गरवाल भी सो रहा था। मृतक की पत्नी घटना के समय मृतक के पास ही सो रही थी परंतु हत्या करने वालो के बारे में कुछ भी जानकारी होने से मना करने पर संदेह के घेरे में आई। मृतक की पत्नी रेखा गरवाल एवम मृतक के भाई सोहन गरवाल से विस्तृत पूछताछ की गई। विस्तृत पूछताछ एवम तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण से यह तथ्य सामने आए की मृतक की पत्नी का मृतक के एक और भाई राहुल गरवाल से प्रेम प्रसंग था। जिसके बारे मे मृतक छोटु गरवाल को पता चलने पर मृतक छोटु गरवाल द्वारा अपने भाई और पत्नि से विवाद किया गया था। विवाद होने के उपरांत रेखा गरवाल व भाई राहुल गरवाल दोनो के द्वारा छोटु गरवाल को जान से मारने की योजना बनाई गई। दिनांक 29.04.2024 को आरोपी राहुल गरवाल द्वारा छोटु गरवाल के सो जाने पर योजनानुसार रेखा गरवाल के कहने पर आरोपी राहुल गरवाल ने कुल्हाडी से छोटु गरवाल की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। आरोपी राहुल गरवाल को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई पूछताछ में आरोपी राहुल द्वारा अपनी भाभी रेखा गरवाल के साथ मिलकर अपने भाई छोटू गरवाल की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या करना स्वीकार किया। आरोपियों राहुल गरवाल एवम रेखा गरवाल को विधिवत गिरफ्तार किया गया। **गिरफ्तार आरोपी:** 1. राहुल पिता लालु गरवाल उम्र 22 साल निवासी ग्राम अमरकुडी हाल.मु. रावटी थाना रावटी जिला रतलाम 2.रेखा पति छोटु गरवाल उम्र 24 साल निवासी ग्राम हरथल थाना रावटी जिला रतलाम **जब्त सामग्री**– हत्या के प्रयुक्त कुल्हाड़ी, खून से सने कपड़े **सराहनीय भूमिका:** उक्त सराहनीय कार्य मे निरीक्षक जय प्रकाश चौहान थाना प्रभारी रावटी, निरीक्षक अय्युब खान थाना प्रभारी सैलाना, उनि रामसिंह खपेड, उनि निशा चौबे, प्र.आर जगदीश डाबे, प्र.आर बद्रीलाल चौधरी, आर महेश मईडा, आर राहुल मेडा, आर निलेश कटारा, आर राहुल चौहान, आर. अनिल अमलियार, आर राजेश बक्षी, आर बहादुर डांगी, आर मुकेश मेघवाल, आर भरत अलावा, आर विजय मोहनिया, म.आर. नेहा कुशवाह, म.आर. श्वेता नागर, म.आर. रुकमणी , म.आर. योगिता आदि एवं सायबर सेल रतलाम से उनि अमित शर्मा, प्र आर. लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी, प्र आर मनमोहन शर्मा, प्र आर हिम्मत सिंह, आर मयंक व्यास, आर विपुल भावसार, आर राहुल पाटीदार आर तुषार का सराहनीय योगदान रहा।


## मनोज सीरवी ने 10 घंटे पढ़ाई करके परीक्षा में किया टॉप



♦भारत टाइम्स♦

**हैदराबाद।** मारवाड़ जंक्शन के समीप गांव जाणुन्दा निवासी भंवरलाल सीरवी के पुत्र मनोज सीरवी ने तेलंगाना बोर्ड की ओर से आयोजित माध्यमिक परीक्षा में शत प्रतिशत अंक हासिल करके अपना परचम फहराया है। प्रदेश व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज सीरवी का परिवार हाल में तेलंगाना के हैदराबाद शहर संगारेड्डी जिला मै रहता है। यहां रहकर मनोज ने पढ़ाई कर रहा है गत दिवस तेलंगाना बोर्ड की ओर से जारी किए गए परीक्षा परिणाम में मनोज ने सभी विषयों में शत प्रतिशत अंक हासिल करके ए प्लस ग्रेड प्राप्त किया। छात्र की सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है। सीरवी समाज कांन्दिवली (मुम्बई)वडेर के अध्यक्ष खंगाराम चौधरी ने दूरभाष पर संपर्क करके मेघावी विद्यार्थि के परिवार को और छात्र को बधाई दी। छात्र के पिता भंवरलाल सीरवी ने बताया कि मनोज नियमित रूप से 5 से 6 घंटे तक अध्यक्ष करता था। इस दौरान मोबाइल सोशल मिडिया से पूरी तरह दूरी बनाए रखी। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। मनोज ने बताया कि वह सुबह पांच बजे उठकर पढ़ाई किया करता था। मनोज ने पढ़ाई के लिए हर दिन का टार्गेट सेट किया हुआ था।

## एम. वसंता ने समाज का नाम किया रोशन



♦भारत टाइम्स♦

***चेन्नई।*** *रायपुर तहसील के समीप गांव झूंठा निवासी मांगीलाल के पुत्री एम. वसंता ने भविष्य का लक्ष्य तय करते हुए कड़ी मेहनत और लगन से तमिलनाडु 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में 94.6 हासिल करके अपना परचम फहराया। एम.वसंता ने प्रदेश ओर समाज का नाम रोशन किया। झूंठा गांव के निवासी मांगीलाल चोयल का परिवार हाल चेन्नई के रामापुरम में रहता है। छात्रा की सफलता पर चोयल परिवार में खुशी का माहौल है। वही समाज के अनेक लोगों ने दूरभाष पर संपर्क करके परिवार को और छात्रा को बधाई दी। छात्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि वह नियमित रूप से 6 से 8 घंटे अध्यन करती और इस दौरान सोसल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाए रखी। इस सफलता का श्रेय वो अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया।*

स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है मतदानः डॉ संजय सिंह

## सीडीओ ने गाजीपुर तिराहे पर मतदाता रैली को दिखाई झंडी



♦भारत टाइम्स♦

**मऊ।** मतदान प्रत्येक नागरिक का आधार है। अधिकाधिक मतदान कर ही बेहतर शासन की स्थापना की जा सकती है। मतदान स्वस्थ लोकतंत्र का आधार होता है। आगामी एक जून को अंतिम चरण के मतदान में सबको बढ़चढ़ कर अपने मत का प्रयोग करना होगा। निदेशक शारदा नारायण ग्रुप ऑफ हास्पिटल्स, डॉ संजय सिंह ने यह उदगार गाजीपुर तिराहे पर मतदाता जागरुकता रैली के अवसर पर कही। रैली को झंडी दिखाते हुए सीडीओ प्रशांत नागर ने कहा कि प्रशासन द्वारा लोगों को अधिकाधिक मताधिकार का प्रयोग करने के लिए रैली, संगोष्ठी सहित अनेक माध्यमों से जागरुकता कार्यक्रम किया जा रहा है। इस दिशा में सभी शिक्षण संस्थान, समाजसेवी संस्थान सहित अन्य माध्यमों से मतदान को प्रेरित किया जा रहा है। मेडिकल डायरेक्टर डॉ सुजीत सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व का उत्सव के साथ मनाते हुए आसपास के लोगों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। जिला प्रशासन एवं शारदा नारायण नर्सिंग कालेज एंड पैरामेडिकल साइंसेस के संयुक्त तत्वावधान में गाजीपुर तिराहा से फातिमा चौराहा, भीटी एवं बलिया मोड़ पर मतदाता जागरुकता रैली निकालकर जनमानस को अधिकाधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया। नर्सिंग कालेज प्राचार्य ए मंजू, यातायात निरीक्षक श्याम सुंदर पांडेय, पुरुषार्थ सिंह ने सभी छात्रों एवं शिक्षकों को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाया।

## कलाकार ने अद्भुत,अलौकिक एवं अप्रतिम नृत्य की प्रस्तुति




♦भारत टाइम्स♦

**वाराणसी।** जिला प्रशासन की अप्रतिम पहल पर सुबह ए बनारस के अंतर्गत घाट संध्या कार्यक्रम में बुधवार को शिव की नगरी काशी में शिव भक्त,भारत के सपूत जे.सूर्या नारायण मूर्ति ने भरत नाट्यम नृत्य का शुभारंभ श्लोक माला तत्पश्चात शिव तांडव, शंकर गिरी एवं समापन तांडवा से किया।कलाकार ने अद्भुत,अलौकिक एवं अप्रतिम नृत्य की प्रस्तुति देवाधिदेव महादेव और मां गंगा को समर्पित किया साथ में दर्शकों के हृदय को आह्लादित भी किया। कलाकार को प्रमाण पत्र डॉ उत्कर्ष केसरी एवम बालेश्वर तिवारी ने प्रदान किया। प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ ही उनकी समर्पित संगीत साधना की सराहना की गई।धन्यवाद ज्ञापन श्याम कुमार केसरी ने किया। कार्यक्रम का संयोजन सुबह बनारस के सचिव संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा केसरी ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

## हिस्ट्रीशीटर माफिया ने सरकारी रास्ता को कब्जा कर खेत में तब्दील कर दिया ग्रामीणों ने कई विभागों में की शिकायत लेकिन उन्हें नहीं मिला नहीं न्याय



♦भारत टाइम्स♦

**उज्जैन बड़नगर / जगदीश परमार।** मध्य प्रदेश सरकार माफियाओं के खिलाफ अभियान चला रही है, और ऐसे माफिया जो आमजन को अपना शिकार बना रही है । ऐसे माफिया के खिलाफ मध्य प्रदेश सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करने में जरा भी संकोच नहीं कर रही है, लेकिन ऐसा ही एक मामला उज्जैन जिला के बड़नगर ग्राम झलारिया का आया एक हिस्ट्रीशीटर माफिया नासिर नाम के व्यक्ति ने सरकारी जमीन पर स्थित रास्ता पर कब्जा करके खेत में तब्दील कर लिया जिसके चलते ग्रामीणों का रास्ता खेत पर जाने के लिए प्रतिबंधित हो गया है और परेशान हो रहे हैं, जिस रास्ते पर खेत बना लिया जायेश्वर महादेव मंदिर की जमीन पर जाने के लिए पुजारी को इसी मार्ग से खेत पर जाना पड़ता है इसके साथ ही मजार अली नौशाद अली जुझार सिंह शहजाद अली सोहन सिंह सहीद कई किसानों का रास्ता अपनी जमीन के लिए जाता है वह माफिया ने उसी रास्ते से होकर शमशान का रास्ता भी गुजर रहा था और शिकायतकर्ता ग्रामीणों के खेत के लिए जाने के लिए रास्ता भी था लेकिन अब आखिर हिस्ट्रीशीटर बदमाश माफिया नासिर ने अब तरीके से सरकारी रास्ते पर कब्जा करके परेशान कर दिया है। ग्रामीणों को उसी रास्ते से होकर मंदिर के पुजारी मंदिर की जमीन पर जाकर खेती करते हैं लेकिन अब रास्ते को लेकर परेशानी आ रही है , जिस रास्ते को लेकर किसान ग्रामीण लड़ रहे पहले ही न्याय विभाग से उनके पक्ष में फैसला आ गया अब ग्रामीण को यदि न्याय नहीं मिलेगा तो मध्य प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव से मिलकर अपनी समस्या बताएंगे,

## नगर परिषद मेघनगर द्वारा बलून लॉचिंग कर मतदाताओं को किया जागरूक




♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी/ झाबुआ।** झाबुआ लोकसभा 2024 के निर्वाचन अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल जितेन्द्रसिंह चौहान के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता के हीलियम बलून लांच कर स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत एक और सुंदर प्रयास किया गया। जिसे आगे बढ़ाते हुए नगर परिषद मेघनगर द्वारा मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए और क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बलून लॉचिंग अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुकेश सोनी द्वारा किया गया। **जिले एवं क्षेत्र में यह बलून आकर्षण का केंद्र बना हुआ है:** कार्यक्रम में नगर परिषद अधिकारी राहुल सिंह वर्मा, एस आई रावत, पटवारी दिलीप भूरिया, लिला डामोर, चिरणबाला प्रजापत,परविन ठाकुर, राकेश डामोर, अक्षय देवाणा, एवं राजस्व व नगर परिषद के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के संबंध में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित

**लोकसभा निर्वाचन के तहत चौथे चरण का मतदान 13 मई 2024 को किया जाना है**



♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी /झाबुआ।** जिसके सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गयी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन द्वारा बताया गया की मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाता जागरुकता गतिविधियां निरंतर चलो बुथ की ओर अभियान के माध्यम से जारी रखे, इसी के साथ मतदान के एक दिन पूर्व भी गतिविधियों के लिए बेग अवेयरनेस ग्रुप को एक्टिव करे। भीषण गर्मी से बचाव के लिए सामग्री वितरण के समय मतदान दलों के वेलफेयर के उचित प्रबन्ध करे, मेडिकल सुविधाएँ उपलब्ध कराये। वेब कास्टिंग के तहत बेहतर मॉनीटरिंग को सुनिश्चित करे, सेक्टर अधिकारियों की माबिलिटी पर ध्यान दिया जाये। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र सिंह चौहान, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यनारायण दर्रो, संयुक्त कलेक्टर अक्षय सिंह मरकाम एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इंडिया गठबंधन कार्यकर्ताओं की एक अति आवश्यक बैठक हुई



♦भारत टाइम्स♦

***रामनगर। रामनगर।*** *में बुधवार को कांग्रेस,सपा,आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक अति आवश्यक बैठक इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय के नामांकन जुलूस में भारी संख्या में भाग लेने के लिए विचार विमर्श किया गया।10 मई को प्रातः रामनगर चौराहे पर समस्त कांग्रेस, सपा, आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित होंगे एवं 8ः30 बजे रामनगर से बेनियाबाग के लिए प्रस्थान करेंगे। सभी साथियों से अपील है कि समय का ध्यान रखे बैठक मे शमशाद खान,संजय यादव,आरती यादव जितेन्द्र यादव,बिपिन सिंह, डॉ साजिद अंसारी,सुजीत सिंह,डॉ इनाम रजा इश्तियाक अहमद, असरफ राइन, यासिन राईन, बिनोद यादव,श्याम लाल यादव, फैयाज अहमद एडवोकेट, भगवती श्रीवास्तव ,विनोद सेठ,विनोद यादव,मौलाना शरीफ,उमंग यादव, विनीत राय,रही खान,डॉ हारुन अंसारी, राजेंद्र गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।संचालन महानगर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सतनाम सिंह ने किया।*

## रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती पर ए एम पब्लिक स्कूल में पहाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रतियोगिता के विजेताओं को स्टार स्टूडेंट अवार्ड से किया सम्मानित।**

♦भारत टाइम्स♦

**मुरादाबाद (यूपी)।** जनपद से सटे रामनगर मझरा स्थित ए एम पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय गान के रचयिता रविंद्र नाथ टैगोर के जन्म दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर स्कूल में पहाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पहाड़ प्रतियोगिता के प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने रविंद्र नाथ टैगोर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह एक विश्व विख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रहे। उन्हें गुरुदेव के नाम से भी जाना जाता है। वह एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति भी है। उन्होंने हमारे देश के राष्ट्रगान की रचना की। पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी ने रवींद्र नाथ टैगोर के आदर्शो को अपनाने पर जोर दिया। इसके उपरांत प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक एवं पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी ने विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी, प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक, अभिनव सैनी, सुखविंदर कौर, मोहम्मद दानिश, ज्योति सैनी, खुशबू, संध्या सैनी ,ईशा परवीन, कशिश ,नीतू ,गिरिराज सिंह,शगुफ्ता अंसारी, राशि, अमरनाथ ,आफरीन, अनुज कुमार, मोनिका, शिवानी एवं शगुन आदि सम्मिलित रहे। संचालन अमरनाथ ने किया।

## जिस संगठन की स्थापना एक विदेशी ने की इस संगठन के विचार भी विदेशी हो रहे हैं - तेजस्वी सूर्या




♦भारत टाइम्स♦

**उज्जैन- जगदीश परमार।** कांग्रेस पार्टी की स्थापना ए ओ ह्यूम जैसे विदेशी के हाथों से हुई ऐसे संगठन की विचारधारा भी अब विदेशी हो चुकी है , फिर वो सेम पित्रोदा द्वारा विरासत कर की बात हो या देश की अखंडता के प्रतीक चारों दिशाओं में निवास करने वाले भारतीयों को अफ्रीकन,चाइनीज और अरेबियन बताने का दुष्कथन हो। ये बात भाजयुमो के राष्टीय अध्यक्ष श्री तेजस्वी सूर्या ने उज्जैन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही ! **कांग्रेस टुकड़े टुकड़े विचारधारा को पौषक है**– वास्तव में कांग्रेस देश को क्षेत्र जातियों धर्म और आर्थिक रूप में खंड खंड करने की मानसिकता रखती है यही कारण है कि जातिगत जनगणना, विरासत टैक्स जैसे मुद्दों का कांग्रेस पुरजोर समर्थन करती है ! वास्तव में कांग्रेस टुकड़े टुकड़े मानसिकता को समर्थक एवम् पोषक है ! **कांग्रेस ब्रिटिश विचारों की समर्थक है**– श्री सूर्या ने कहा कि जिस प्रकार चर्चिल ने भी भारत को एक राष्ट नहीं कहा था इस प्रकार की विचारधारा को फिर से राजीव गांधी के राजनीतिक गुरु एवं राहुल गांधी के मुख्य सलाहकार सैम पित्रोदा भी वही बात अब कह रहे हैं उन्होंने तो आज ऐसा बयान दिया है जिससे कि न सिर्फ भारतीय जनता पार्टी अपितु भारत का प्रत्येक नागरिक स्तब्ध है ! सेम पित्रोदा ने दक्षिण भारतीय लोग अफ्रीका की नस्ल है उत्तर पश्चिम भारतीय नागरिक चीनियों की नस्ल है इस प्रकार भारत में एकरूपता एक राष्ट नहीं है यह सब बात कांग्रेस की टुकड़े-टुकड़े की मानसिकता और राहुल गांधी द्वारा इन जो जाति के आधार पर आर्थिक सर्वे और आर्थिक जनगणना करवाने की बात कही जा रही है तुलनात्मक रूप से देखे तो सैम पित्रोदा और राहुल गांधी की बातों में काफी समानता है या यूं कहें कि एक जैसी मानसिकता।है तो भी गलत नहीं होगा ! पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्री वैभव पवार, राष्टीय महामंत्री श्री चहल,भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री सचिन सक्सेना, श्री विशाल राजोरिया, श्री अमय आप्टे, श्री जयंत गरुड़, श्री दिनेश जाटवा, श्री राकेश पंड्या सम्मलित रहे !

# आपके अतृप्त पूर्वज ही हैं आपके कष्टों का मूल कारण

## रौली शंकर महादेव पूर्वज मुक्ति धाम कानपुर में अमावस्या पर उमड़ी हजारों भक्तों की भीड़





**करौली धाम में अमावस्या का पर्व बड़ी ही धूम धाम से मनाया जाता है जिसमे भारत के ही नहीं बल्कि विदेशी मूल के लोग भी आकर अपने पूर्वजों की मुक्ति कराने के लिए भाग लेते हैं।**

♦भारत टाइम्स♦

**कानपुर।** करौली धाम में अमावस्या का पर्व बड़ी ही धूम धाम से मनाया जाता है जिसमे भारत के ही नहीं बल्कि विदेशी मूल के लोग भी आकर अपने पूर्वजों की मुक्ति कराने के लिए भाग लेते हैं । लोग इसे पितृ मुक्ति कार्यक्रम के नाम से भी जानते है । भारत में अक्सर लोग अपने पूर्वजों की मुक्ति के लिए पिण्डदान, श्राद्ध, तर्पण, नारायण बलि आदि कर्म-कांड किया करते हैं ताकि उनके पूर्वजों की मुक्ति हो सके ।पर क्या वास्तव में ऐसा करने से पितरों की मुक्ति होती है इसका प्रमाण क्या है धाम के गुरु श्री करौली शंकर महादेव ने बताया की आखिर क्यों यह सब करम कांड करने के बाद भी हमारे पितृ मुक्त नहीं हो पाते हैं और यदि हो जायें तो यह प्रमाणित कैसे हो गुरुदेव ने बताया की हमारे द्वारा किया गया गलत पूजा-पाठ ही इसका मुख्य कारण है आमतौर पर पुराने जमाने में सभी लोग तंत्र-मंत्र, झाड़-फूंक जादू-टोना आदि जैसे कार्यों में संलग्न रहा करते थे जिसके कारण वह गलत पूजा पाठ करने लगे शास्त्रोक्त देवी-देवताओं को छोड़ कर नकली ग्राम देवी-देवता बना कर उनकी पूजा करने लगे जिनका शास्त्रों में कोई उल्लेख नहीं । जिसके कारण वह लोग ईश्वर से दूर हो गये और नकारात्मक शक्तिओं से जुड़ गये भगवान श्री कृष्ण भगवत गीता के अध्याय 9 श्लोक 25 में कहते हैं। यान्ति देवव्रता पितृन्यान्ति पितृव्रताः ।भूतानि यान्ति भूतेज्या यान्ति मद्याजिनोऽपि माम् । यानी की देवताओं की पूजा करने वाला देवताओं को पितरों की पूजा करने वाला पितरों को और भूत प्रेत की पूजा करने वाला प्रेत योनि को प्राप्त होता है। इसी कारण से हमारे पूर्वज मरने के बाद प्रेत योनि को प्राप्त हुए और आगे जन्म न ले पाने के कारण आने वाली आगे की पीढ़िया पितृ दोष की शिकार होने लगी जिसके कारण वह नाना प्रकार के दुख और कष्ट उठाने लगी और उनके मृत्यु के समय के कष्ट तथा रोगों के कारण वंशजों में तमाम असाध्य रोग बनने लगे । जब तक यह पितृ मुक्त नहीं होंगे तब तक मनुष्य सुखी नहीं हो सकता और जब तक पूर्ण गुरु की कृपा ना हो या यूँ कहें की जब तक शिव और शक्ति की कृपा एक साथ प्राप्त ना हो तब तक इनकी मुक्ति असंभव है और यदि किसी कर्म-कांड से इनकी मुक्ति हो भी जाये तो भी उनकी स्मृतियों से मुक्ति पाना असंभव है। पितरों की बदला लेने की स्मृतियों से तो स्वयं भगवान परशुराम जी भी नहीं बच पाये तो हम और आप जैसे आम मनुष्य कैसे ही बच सकते हैं । करौली शंकर महादेव धाम का उदय ही इसलिए हुआ ताकि संसार के दुखी लोगों के पितृ मुक्त हो सकें हर अमावस्या को गुरु द्वारा निःशुल्क हवन किया जाता है जिसमें लाखों लोग भाग लेते है और अपने पितरों की मुक्ति करवाते हैं । जिनके पितरों की मुक्ति कहीं नहीं होती वह यहाँ आकर अपने पितरों की मुक्ति कराते हैं और प्रमाण के तौर पर सभी से अपनी आँखें बंद कर के अपने पितरों को देखने के लिए कहा जाता है गुरुदेव कहते हैं यदि आपको एक भी पितृ आँख बंद कर के दिखाइ दे रहा है तो इसका अर्थ है की उसकी मुक्ति नहीं हुई और यदि आप देख नहीं सकते इसका अर्थ है की आपके पितृ अब सदा सदा के लिए मुक्त हैं । इस भगीरथी प्रयास को कर के सभी लोग अपार पुण्य प्राप्त करते हैं और अपने रोगों एवं कष्टों से सदा सदा के लिए मुक्ति पाते हैं, इस अमावस्या लगभग 20 हजार से ज्यादा भक्तों ने अपने पितरों की मुक्ति के लिए पितृ मुक्ति कार्यक्रम में भाग लिया।

## मथुरा कराटे संघ के चुनाव में अरविंद चित्तौड़िया निर्विरोध अध्यक्ष व सचिव प्रेमपाल सिंह चुने



♦भारत टाइम्स♦

**वी पी एस खुराना।** मथुरा जनपद में कराटे एसोसिएशन ऑफ मथुरा कि आम सभा एवं चुनाव जिला ओलंपिक संघ मथुरा के कार्यालय अमरनाथ विद्या आश्रम में निर्विरोध संपन्न हुआ। जिसमें सभी पद निर्वाचित हुए, कराटे एसोसिएशन ऑफ मथुरा के विजयी पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार है। अध्यक्ष अरविंद कुमार चित्तोडिया , उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, महासचिव प्रेमपाल सिंह ,उपसचिव अनेक बाबू , कोषाध्यक्ष अर्जुन सिंह , सदस्य मनोज कुमार, शुभम, राम रतन, मोहित कुमार, सुघड़ सिंह निर्वाचित हुए। कराटे एसोसिएशन का उत्तर प्रदेश के महासचिव जसपाल सिंह का आशीर्वाद रहा व जोकि हमारे आदरणीय मार्गदर्शक हैं। यह चुनाव कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव अधिकारी सेंसेई, कुर्बान खान , जिला ओलंपिक संघ मथुरा के सचिव , महेंद्र राजपूत कानूनी सलाहकार , डॉ दलवीर यादव जी की देख रेख में हुआ सहयोगी बन्टी सिद्दीकी, सुमित गौतम, अरुण कुमार, करण कुमार, आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविंद कुमार चित्तोडिया ने कहा कराटे एक आत्मरक्षा प्रणाली का खेल है। जल्द ही कराटे खेल की इंटरस्कूल कराटे प्रतियोगिता कराई जाएगी। और साथ ही मथुरा मथुरा कराटे खेल संघ को जनपद के सर्वाधिक लोकप्रिय खेल व संघ बनाया जाएगा।

## नगरपंचायत डौंडीलोहारा को बर्बाद करने में कोई कसर नही छोड़ी ठेकेदारों ने

♦भारत टाइम्स♦

**इस्लाम खान /बालोद।** छत्तीसगढ़ के मानचित्र में डौंडीलोहारा नगर पंचायत की भ्रष्टाचारी हमेशा सुर्खियों में रही है नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी व जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ने नगरवासियों ने जिस तरह से विश्वास जताया था की विकास की ऐसी गाथा बुनेंगे पर अधिकारियों और दलाल ठेकेदार ने नगर को बदनाम कर दिया आज नगर अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है चारों ओर बबार्दी का मंजर है विकास की बातें दूर नालियां भी सफाई नही हो सकती,,नियम कायदों की धज्जियां उड़ाने में नगर पंचायत के जिम्मेदार लोगों ने कोई कसर नही छोड़ी,,नगर वासियों का दुर्भाग्य है की कोई समस्या लेकर जाए तो किसके पास जाए क्योंकी अपनी समस्या बताए तो किसे बताएं यहां तो अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत चरितार्थ होती है कोई समान्य व्यक्ति सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगता है तो सूचना के अधिकार नियमों की धज्जियां उड़ाकर गोलमाल जवाब देकर पल्ला झाड़ लेते है आज नगर में दलाल भ्रष्टाचार की सीमा को पार कर एक छत्र राज चलाकर ठेकेदार ने करोड़ो की राशि बंदरबांट कर दिया,, वार्ड क्रमांक 9 राजापारा में नाली निर्माण मैं भारी घूसखोरी नजर आ रही है इसकी खामियाजा वार्ड वासियों को भोगना पड़ रहा है नाली का पानी पूरे मोहल्ले में बह रहा है इसकी जानकारी नगर पंचायत को कई बार दिया गया लेकिन यहां सुनने वाला कौन है ,, वाही वार्ड नंबर 11में मंगल भवन जहां गुणवत्ता हीन सामाग्री परोसी गई गुणवत्ता हीन छड़,सीमेंट व वेस्टेज मटेरियल का उपयोग किया गया दलाल ठेकेदार ने मंगल भवन में ग्रहण लगाकर अधूरा बनाकर खुला छोड़ा है।

## 26- वलसाड की सात सीटों पर 72.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो 2019 की तुलना में 2.51 प्रतिशत कम है

वापी से इकराम हैदर सैयद। वलसाड डांग। दिनांक 8 मई 2024 गुजरात में तीसरे चरण के चुनाव में 26- वलसाड संसदीय सीट पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आयुष ओक के नेतृत्व में मतदान हुआ। 7 मई को शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न हुआ और मंगलवार को 72.71 फीसदी मतदान हुआ. हालांकि, 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 2024 के चुनाव में 2.51 फीसदी की कमी आई है. लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार लोकसभा आम चुनाव पिछले साल हुआ था. पूरे जिले का चुनाव मंगलवार, 7 मई, 2024 को कड़ी पुलिस उपस्थिति के साथ सुचारू रूप से संपन्न हुआ। वलसाड सीट पर चुनाव लड़ रहे 7 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई।

## मुख्य मंत्री ने कहा इनका घमंड रावण की तरह है जिसकी नाभि में वोट रुपी तिर मारकर कांग्रेस को बे मौत मारना - मुख्यमंत्री मोहन यादव

### मुख्यमंत्री का रोड़ शो में ग्रामीणों ने लगाया तड़का

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी/ झाबुआ।** थांदला संत नगरी में थांदला के गौरवशाली संत 108 पुण्य सागरजी महाराज के दर्शन करने का समय नही निकाल पाने वाले मुख्यमंत्री मोहन यादव लोकसभा प्रत्याशी अनिता नागरसिंह चौहान के लिए प्रचार करने आये। पेटलावद पंडित कमल किशोर नागर की कथा में शामिल होकर हेलिकॉप्टर से थांदला रोड़ शो में शामिल होने आए मुख्यमंत्री का भाजपा कार्यकताओं ने गर्म जोशी से स्वागत किया। हेलीपेड से बायपास होते हुए मुख्यमंत्री खजूरी पहुँचे जहाँ बड़ी देर से खड़ें ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का फूलों से स्वागत किया और थांदला रोड़ शो के लिए आगे आगे चलने लगे। मुख्यमंत्री का रोड़ शो नगर के मुख्य मार्गो पर जन समूह का स्वागत अभिवादन स्वीकारते हुए जवाहर मार्ग होती हुई मठवाला कुआ पहुँची जहॉ अपने चिर परिचित अंदाज में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा की कांग्रेस ने गरीबों का सोशण किया



है। कांग्रेस लुटेरा ने दुतारा री पार्टी है ये घमण्डिया लोग किसी का भला नही कर सकते है इनका घमंड रावण की तरह है जिसकी नाभि में वोट रूपी तीर मारकर कांग्रेस को बे मौत मारना है। नरेंद्र मोदी के नाम पर मुख्यमंत्री ने वोट मांगते हुए कहा की दुनिया का नम्बर एक देश बनाने के लिए मोदी दिन रात काम कर रहा है और देश के दुश्मनों को ठिकाने लगाने के लिए मोदी को जाना जाता है। मोदी ने अपना सारा जीवन देश सेवा के लिए लगाया जिसका खुद का कोई घर नही उसने गरीबों के घर बनाये, मुफ्त राशन दिया, गैस कनेक्शन दिया अब फिर से मोदी सरकार बनेगी तो गरीबों को मुफ्त बिजली भी मिलेगी। मुख्यमंत्री देश के साथ धर्म की बात करने से भी नही चुके। उन्होंनें कहा आज अयोध्या में राम जी खुश हो रहे है।

## अकबरपुर में सीएम योगी का सवाल-क्या सपा और कांग्रेस के लोग राम मंदिर बना पाते



♦भारत टाइम्स♦

**सुनील बाजपेई। कानपुर।** अकबरपुर से तीसरी बार प्रत्याशी बनाए गए देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में घाटमपुर के पतारा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां कहा कि इस लोकसभा चुनाव में एक तरफ राम भक्त और राष्ट्रभक्त हैं तो दूसरी तरफ राम द्रोही। अपने संबोधन के दौरान सपा कांग्रेस और बसपा पर प्रहार करते हुए सीएम योगी ने सवाल भी उठाया की क्या सपा और कांग्रेस को लोग राम मंदिर बना पाते। उन्होंने कहा कि विपक्ष माफियाओं को अपने गले का हार बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम रामलला को ही विराजमान नहीं करते, माफिया का रामनाम सत्य भी करते हैं। प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले को जिताने की अपील के साथ मुख्यमंत्री ने अकबरपुर की सराहना भी की और कहा कि कानपुर की धरती ऐतिहासिक को पौराणिक है और यहां के लोगों देश की आजादी में भी योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हो रहे लोकसभा चुनाव का रुझान बताता है कि फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी 400 पार। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नए भारत को आत्मनिर्भर भारत की ओर ले जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जाति के नाम पर लड़ाया जाता था और विपक्ष माफियाओं को अपने गले का हार बनाते थे। उन्होंने कहा, विपक्षी भारत के खिलाफ ही साजिश में लग गए। एक तरफ रामभक्त दूसरी ओर द्रोही हैं। राम द्रोही का पतन तो हमेशा हुआ है।

## डॉ विक्रांत भूरिया ने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों से रूबरू होकर की चर्चा

♦भारत टाइम्स♦

**रहीम शेरानी /झाबुआ।** झाबुआ क्षेत्रीय विधायक डॉ विक्रांत भूरिया अपने विधानसभा क्षेत्र के गेहलर बड़ी मसूरिया कुंडला खेड़ी काकरादरा नल्दी बड़ी काला खूंट भीम फलिया मांडली बड़ी घाटिया नागन खेड़ी मैं अपने समर्थकों के साथ पहुंचे इस अवसर पर क्षेत्र के ग्रामीण किसानों ने उनका जोरदार स्वागत किया इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ विक्रांत भूरिया ने कांग्रेस पार्टी की रीति नीतियों से अवगत कराते हुए कहा की कांग्रेस



पार्टी सिद्धांत वादी पार्टी है जो कहती है वह करती है चुनाव में जो भी वादे पार्टी करती है उन्हे पूरा करती है चाहे कर्ज माफी हो किसानो की फसलों का उचित दाम हो क्षेत्र में विकास हो किसानों के हित में कांग्रेस सरकार करती है भाजपा सरकार ने किसानों के साथ अन्याय करने में कोई कसर नहीं छोड़ी उन्हें गेहूं का समर्थन मूल्य 3100 के बजाय ?2100 देने पर तुली हुई है आज आदिवासी युवा बेरोजगार है महंगाई चरम पर है अब समय आ गया है हमें हमारे क्षेत्र के लोकप्रिय उम्मीदवार कांतिलाल भूरिया को विजय बनाएं ताकि अपने क्षेत्र में विकास निरंतर होता रहे ग्रामीणों ने क्षेत्र के ग्रामीणों ने 13 मई को होने वाले चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार कांतिलाल भूरिया को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाने का संकल्प लिया इस अवसर पर सरपंच गण कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित है।

## नामांकन के दूसरे दिन 15 नामांकन पत्रों की हुई बिक्री

♦भारत टाइम्स♦

**मऊ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत 70 घोसी लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सातवें चरण में होने वाले मतदान हेतु आज नामांकन के दूसरे दिन कुल 15 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई, जिसमें बद्रीनाथ निर्दल पार्टी, पंकज मौर्या राष्ट्र उदय पार्टी, मदन मांग समाज पार्टी, अवधेश कुमार चौहान जनता क्रांति पार्टी, राजीव कुमार राय



समाजवादी पार्टी, भानु प्रताप उपाध्याय निर्दल पार्टी, अरविंद राजभर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, विनोद कुमार राय हसिया वाली सीपीआई, लीलावती मूल निवास समाज पार्टी, सुनील राजभर राष्ट्रवादी जनशक्ति पार्टी, सुनील साहू जनलोक विकास पार्टी, प्रगेश कुमार निर्दल पार्टी, प्रेमचंद प्रगतिशील मानव समाज पार्टी, विजय सोशल कम्युनिस्ट सेंटर आम इंडिया पार्टी एवं ज्योतिमा पाठक अखिल भारतीय पार्टी द्वारा नामांकन पत्र की खरीद गई। इसके अलावा आज नामांकन के दूसरे दिन बहुजन समाज पार्टी से बाल कृष्ण चौहान एवं जन राज्य पार्टी से रामनरेश यादव ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

## फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए करीब दो दर्जन श्रद्धालु

### सीकर से बांकेबिहारी के दर्शन को आए थे



♦भारत टाइम्स♦

**बीपीएस खुराना। मथुरा।** तीर्थनगरी मथुरा के वृंदावन में बुधवार को करीब दो दर्जन श्रद्धालु फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। इन्हें हालत बिगड़ने पर संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया गया। यह सभी लोग राजस्थान के सीकर से बांकेबिहारी के दर्शन करने आए हैं। करीब एक सैकड़ा से अधिक श्रद्धालु राजस्थान के चुरू और सीकर से ब्रज मंडल में धार्मिक यात्रा के लिए आए हैं। बिरला मंदिर स्थित धर्मशाला में ठहरे हुए हैं। मंगलवार की शाम खाना खाने के कुछ देर बाद कुछ श्रद्धालुओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें आनन फानन संयुक्त जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया। इनमें कुछ लोगों को सुधार होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया। वहीं एक दर्जन से अधिक लोगों का चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है। राजस्थान से आई रत्नी देवी ने बताया कि लगभग 20-25 लोग उल्टी-दस्त का शिकार हो गए। इनमें से अधिकांश की हालत में सुधार होने पर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। जबकि 10 लोगों का अभी चिकित्सकों द्वारा अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

## भाजपा मुन्दैड़ी जलोदिया का पंचायत स्तरीय बुथ कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

♦भारत टाइम्स♦

**पिपलिया मंडी। महेश मरेठा।** भारतीय जनता पार्टी शिर्ष नेतृत्व, आदरणीय मानसिंह जी माछौपुरिया, आदरणीय पंडित राजेश दिक्षीत, व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जाट के निदेर्शानुसार लोकसभा के अधिकृत प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के जन समर्थन में ग्राम पंचायत मुन्देड़ी के तिनौ बुथ 42- मुन्देड़ी, 43- मुन्देड़ी, 44- जलोदिया, का पंचायत स्तरीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन व बैठक पाटीदार धर्मशाला मुन्देड़ी में सम्पन्न हुई, सम्मेलन को भाजपा किसान मोर्चा मंडल मल्हारगढ़ अध्यक्ष श्री बाबुलाल डाका पिपल्या विशन्या ने संबोधित करते हुए कहा की अपने तिनों बुथ पर अधिक से अधिक मतदान भाजपा के पक्ष में हो मोदी सरकार के द्वारा करोड़ो रुपए के विकास कार्य किए गए हे घर घर जल पहुंचाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया हे प्रत्येक घर में आयुष्मान कार्ड



हे किसान सम्मान निधि प्रत्येक किसान को मिल रही हे, उन्होंने प्रस्ताव रखते हुए कहा कि इसके अलावा भी आपको कोई समस्या है तो आप हमें अवगत करायें, हम उसे पुरी कराने के लिए तत्पर तैयार है , यदि समस्या हमसे सुलझाने जैसी है तो, और यदि नहीं भी है तो भी हम उपर तक बात पहुंचाकर इसे निपटाने का कार्य करेंगे। यह चुनाव पार्टी या व्यक्ति विशेष का चुनाव नही हे ये चुनाव देश का चुनाव हे यह आने वाले वर्षो में देश की दशा और दिशा तय करेगा । उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता व बुथ समिति से जुलुस सा जलसा लेकर घर घर जनसंपर्क करने, मतदाता पर्चियों को वितरण करने कि भी बात कही। बैठक पश्चात ग्राम पंचायत मुन्देड़ी के दौरों गांव मुन्देड़ी व जलोदिया में जनसमपर्क भी किया गया व पत्रक भी बांटे गये। बुथ समिति व पन्ना समिति से शांति पुर्वक मतदान हो इसकी भी अपील कि गई। बैठक के दुसरे सत्र में श्री नेपाल सिंह शक्तावत ने भी अपने विचार रखे, इस अवसर पर भाजपा शक्ति केन्द्र मुन्देड़ी प्रभारी प्रकाश पोरवाल रिछा , शक्ति केन्द्र संयोजक व भाजपा किसान मोर्चो मंडल अध्यक्ष बाबुलाल डाका पिपल्या विशन्या, भाजपा मंडल मल्हारगढ़ महामंत्री श्री डां. मुकेश मालवीय, शक्ति केंद्र सहसंयोजक श्री धिरज शर्मा हरसोल, शक्ति केन्द्र मुन्देड़ी आई टी राजेश कुमार कारपेन्टर जलोदिया, किसान मोर्चा जिला कौषाध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह शक्तावत मुन्देड़ी, छौटी गुड़भैली सह सरपंच रुगनाथ सिंह, तिनों बुथ अध्यक्ष विनोद सेन मुन्देड़ी, अनिल पाटीदार मुन्देड़ी, प्रहलाद कारपेंटर जलोदिया, रामनिवास धनगर, अर्जुन धनगर, दिनेश कारपेन्टर, हरीश कारपेन्टर, भंवरलाल कारपेन्टर, कवरलाल कारपेन्टर, बने सिंह शक्तावत, श्यामलाल कारपेन्टर, घिसालाल सुर्यवंशी, निलेश साहू श्यामलाल प्रजापत, यशपाल सिंह शक्तावत, बद्रीलाल चौहान, मनोहर आंजना, कारूलाल नागदा, धीरज सेन, विशाल बैरागी, गोपाल पाटीदार, गोपाल दास, कंवरलाल सोलंकी, नानालाल नागदा, गणपत सोलंकी, बालू नागदा, दिनेश सोलंकी, लाखन सोलंकी, विजय सोलंकी, विनोद पाटीदार, कैलाश सेन, मुकेश कुमावत, दिनेश पाटीदार, राहुल पाटीदार, बाबूलाल धनगर, मदन सिंह, राम सिंह, नारायण सिंह, शांतिलाल पाटीदार, दिनेश नागदा, सहित मेरा परिवार भाजपा परिवार मुन्देड़ी - जलोदिया के कई कार्यकर्ता ,पदाधिकारी, पेज प्रमुख सहित वरिष्ठ जन उपस्थित थे ।बैठक का संचालन शक्ति केन्द्र लाभार्थी प्रमुख - प्रेमचन्द टेलर मुन्देड़ी ने व आभार भाजपा किसान मोर्चा जिला कौषाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह शक्तावत ने माना। उपरोक्त जानकारी भाजपा किसान मोर्चा विधानसभा मल्हारगढ़ सौशल मिडिया प्रभारी राजेश कुमार कारपेन्टर जलोदिया ने दी।

# 7 मई के चुनाव में सैफई परिवार अपनी तीनों सीट हार रही, 13 को कन्नौज और 25 को आजमगढ़ का नंबर: योगी

## मुख्यमंत्री ने अकबरपुर लोकसभा सीट से देवेंद्र सिंह भोले, फरुर्खाबाद से मुकेश राजपूत और शाहजहांपुर से अरुण सागर को फिर जिताने की अपील की

- ददरौल विधानसभा सीट से अरविंद सिंह को उपचुनाव में जिताकर लखनऊ पहुंचाने का किया आह्वान
- रामद्रोहियों का पतन शाश्वत सत्य है : योगी आदित्यनाथ
- सीएम योगी ने फिर की अपील, रामद्रोहियों को वोट न दे जनता
- अकबरपुर का नाम लेने में भी संकोच होता है, गुलामी के निशान को समाप्त करेंगे: सीएम






♦भारत टाइम्स♦

**कानपुर, एटा, शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को चुनावी रण में फिर गरजे। उन्होंने अकबरपुर लोकसभा सीट से देवेंद्र सिंह भोले, फरुर्खाबाद से मुकेश राजपूत और शाहजहांपुर से अरुण सागर को फिर जिताने की अपील की। वहीं शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा में उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी अरविंद सिंह को जिताने का संकल्प दिलाया। एक तरफ जनसभाओं में उमड़ी भीड़ के प्रति सीएम ने आभार जताया तो सपा-कांग्रेस पर खूब बिफरे। उन्होंने जनता से कहा कि यह चुनाव रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच है। जो रामभक्त हैं, वही राष्ट्रभक्त भी हैं। इन चुनाव में रामद्रोहियों को नकार दीजिए। सपा पर बरसते हुए सीएम योगी ने कहा कि 7 मई को हुए चुनाव में सैफई परिवार तीन सीटों पर हारेगा। 13 को कन्नौज और 25 को आजमगढ़ का नंबर भी आने वाला है। अकबरपुर का नाम ऐसा कि बार-बार बोलने में संकोच लगता है, यह बदल जाएगा पहली जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अकबरपुर का नाम ही ऐसा है कि बार बार बोलने में संकोच लगता है। ये सब बदल जाएगा। यह सनातन सत्य है कि रामद्रोहियों का हमेशा पतन हुआ है। 2024 का लोकसभा चुनाव इस शाश्वत सत्य की पुष्टि करने वाला है। रामद्रोही हमें जाति, क्षेत्र के नामपर लड़ाने का काम कर रहे हैं। आतंकियों का महिमामंडन और माफिया को गले का हार बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा विभाजन की राजनीति करने वाली रही है। इन्होंने देश का विभाजन किया। देश के अलग अलग भागों में आतंकवाद और अलगाववाद को पनपाने का काम किया। सीएम ने कहा कि सरकार सर्वे करा रही है कि इस क्षेत्र में गन्ने की गुंजाइश होगी तो यहां शुगर और इथनॉल कॉम्पलेक्स का विकास किया जाएगा। सपा सरकार में यहां तमंचे बनते थे, कानपुर डिफेंस कॉरीडोर में देश के लिए तोपें बनेंगी। यहां की तोप जब सीमा पर गरजेगी तो कानपुर और यूपी का नाम सबके जेहन में छा जाएगा। जब दुश्मन देश की सेना धराशाई होंगी तो उसके साथ कानपुर डिफेंस कॉरीडोर का नाम सबसे ऊपर उभर के आएगा। आज यहां बन रहा गोला बारूद पूरी दुनिया को जा रहा है।माफिया पर कार्रवाई से सपा नेताओं को होती है पीड़ा सीएम ने एटा में फरुर्खाबाद लोकसभा सीट के प्रचार के दौरान कहा कि प्रो. रामगोपाल यादव को राम मंदिर कैसे अच्छा लगेगा। यह लोग आतंकियों को जेल से छुड़ाते हैं। 2004से 2007 के मध्य सपा सरकार के समय आतंकियों ने अयोध्या में रामजन्मभूमि, काशी में संकट मोचन मंदिर, लखनऊ, अयोध्या व वाराणसी की कचहरी और रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हमला किया था। 2012 में जब सपा सरकार आई तो तत्कालीन सीएम ने सबसे पहले आतंकवादियों के मुकदमों को वापस लेने का आदेश दिया था। उन्हें नौजवानों, बेटियों, व्यापारियों की नहीं, बल्कि आतंकवादियों की चिंता थी। सीएम ने कहा कि भारत में राम और राम मंदिर का विरोध करने वालों को वोट देने का पाप लगेगा। इन्हें वोट देने वाला इस लोक को भी खराब कर रहा है और परलोक भी खराब कर लेगा। सीएम ने कहा कि रामद्रोहियों के लिए हमने बुलडोजर का अविष्कार किया है। कांग्रेस व सपा का गठबंधन सुरक्षा पर सेंध, जेबों पर डकैती, नक्सलवाद- आतंकवाद को भड़काने और राम मंदिर का विरोध करने वाला है। सपा माफिया समर्थक है। यह गरीबों का खून चूसने वाले माफिया की पैरवी करती है। सपा के नेता इसलिए पीड़ित हैं, क्योंकि इनके गले के हार माफिया पर कार्रवाई हो रही है। जो पूर्वजों को धक्का देकर बाहर करते हों, उनसे विरासत के सम्मान की बात बेमानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांपुर में कहा कि लोकसभा चुनावों में आधी सीटों पर मतदान हो चुका है। 'अबकी बार चार सौ पार..' के लक्ष्य के लिए हमने आधी मंजिल पूरी कर ली है। 2024 का चुनाव नया इतिहास बनाने के लिए उतावला दिख रहा है। कांग्रेस और सपा के चेहरे से उड़ी हवा बताती है कि आधे समर में ही उन्होंने हार स्वीकार कर ली है। हमारा इतिहास गवाह है कितना ही बड़ा और शक्तिशाली कोई क्यों न रहा हो, अगर वह रामद्रोही है तो उसका पतन सुनिश्चित है। जो अपने पूर्वजों को धक्का देकर बाहर करते हों, उनसे विरासत के सम्मान की बात बेमानी है। मुख्यमंत्री ने भाजपा शासन में विकास एवं गरीब कल्याण से जुड़े कार्यों की उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि शाहजहांपुर मे मेडिकल कॉलेज का निर्माण हुआ है। यहां गंगा पर पीपे का पुल बनाने की मांग की गई थी जो ठाकुर रोशन सिंह के गांव को जोड़ती थी, मगर हमने वहां पक्का पुल दे दिया। ये सरकार बुलाकर विकास का लाभ दे रही है। शाहजहांपुर में हनुमत धाम में रोपवे लगने जा रहा है। काकोरी ट्रेन ऐक्शन के महानायकों के सम्मान में भव्य म्यूजियम बन गया है।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन जैसा : सीएम योगी

## एससी, एसटी, ओबीसी और भारत के सनातन आस्था के प्रति अन्याय है कांग्रेस का घोषणा पत्र

- गोरखपुर में मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री की सोनिया गांधी को सच बोलने की नसीहत
- जनता की आंखों में धूल झोंककर अब सत्ता नहीं हथिया पाएगी कांग्रेस : योगी



♦भारत टाइम्स♦

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहा जाना अपने आप में हास्यास्पद है। वास्तव में यह अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जातियों के प्रति, भारत की सनातन आस्था के प्रति अन्याय पत्र है। कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन के जैसा है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का प्रतिनिधित्व करता हो, इससे ज्यादा शर्मनाक दूसरा कुछ और नहीं हो सकता। बुधवार को अकबरपुर, फरुर्खाबाद और शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए निकलने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गांधी द्वारा भाजपा पर नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाए जाने के सवाल पर सीएम योगी ने तल्ख अंदाज में कहा कि सफेद झूठ बोलने की बजाय कम से कम सोनिया गांधी को तो सच बोलने की आदत डालनी चाहिए। चुनाव के दौरान अब वे लोग देश की जनता की आंखों में धूल झोंककर सत्ता नहीं हथिया पाएंगे क्योंकि मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट होकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत के दर्शन के रहा है। सोनिया का आरोप ₹उल्टा चोर कोतवाल को डांटे जैसा उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी जी की तरफ से भाजपा पर लगाया गया झूठा आरोप 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' को चरितार्थ करने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह हर व्यक्ति जानता है बांटों और राज करो की नीति कांग्रेस को विरासत में प्राप्त हुई है। अंग्रेजों की कुटिल चाल को 1947 में कांग्रेस ने सफल होने दिया और देश का बंटवारा किया। वर्ग संघर्ष ,आतंकवाद, नक्सलवाद और अलगाववाद कांग्रेस की ही देन मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद राजनीतिक स्वार्थ के कारण जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर देश के अंदर वर्ग संघर्ष को कांग्रेस ने बढ़ावा दिया। आतंकवाद, नक्सलवाद और अलगाववाद, यह सब कांग्रेस की ही देन है। सीएम ने सवालिया अंदाज में कहा कि यूपीए चेयरपर्सन के रूप में श्रीमती सोनिया गांधी जी ने 2004 से लेकर 2014 के बीच में क्या किया, यह कौन नहीं जानता। उस समय क्या यह सच नहीं कि ओबीसी के आरक्षण पर सेंधमारी लगाने के लिए जस्टिस रंगनाथ मिश्रा की कमेटी इन्होंने गठित की थी। और, कमेटी ने संस्तुति की थी कि ओबीसी के आरक्षण में से 6 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को दे दिया जाय। भाजपा और एनडीए ने उसे समय विरोध किया था और कांग्रेस के मंसूबे पूरे नहीं हो पाए। यही नहीं, एससी-एसटी के अधिकारों पर भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने घुसपैठ करने का प्रयास किया था। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में मुसलमानों की कुछ जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने का प्रयास भी कांग्रेस सरकार के समय में हुआ था। पर, एनडीए और बीजेपी के विरोध से कांग्रेस के मंसूबे पूरे नहीं हो पाए। वर्ग संघर्ष की स्थिति को पैदा करने वाला है कांग्रेस का घोषणा पत्र सीएम योगी ने कहा कश्मीर में धारा 370 कांग्रेस ने लगाई थी। ओबीसी के आरक्षण में से कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में सेंध लगाने का कार्य कांग्रेस ने किया, यह ओबीसी के अधिकारों का पूरी तरह हनन है। देश को जाति, भाषा, क्षेत्र के आधार पर बांटने की कुचेष्टा कांग्रेस ने की थी। अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जिस प्रकार की बातों का उल्लेख किया है।

# महाप्रबंधक रेलवे में सराहनीय कार्य के लिए ह्यमैन ऑफ द मंथह्य पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा



♦भारत टाइम्स♦

**(शीतल निर्भीक ब्यूरो)।** वाराणसी।महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे यात्रियों की सुरक्षा एवं रेल संरक्षा के क्षेत्र में अनेक प्रभावी कदम उठाये गये है। महाप्रबन्धक सुश्री माथुर द्वारा सभा कक्ष में वाराणसी मंडल के 02 कर्मचारियों एवं लखनऊ मंडल के 01 कर्मचारी को संरक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए ह्यमैन ऑफ द मंथह्य घोषित कर नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्तकताओं में वाराणसी मंडल के भटनी-गोरखपुर खंड के समपार संख्या 141 सी. पर गेटमैन के पद पर कार्यरत प्रमोद कुमार ने 25 मार्च, 2024 को कार्य के दौरान पास हो रही गाड़ी सं. 12565 के इंजन से खट्-खट् की आवाज सुनकर लोको पायलट को सूचित किया, जिससे लोको पायलट ने गाड़ी को रोककर इंजन की जांच की एवं संबंधित को इसकी सूचना देकर ठीक कराया। प्रमोद कुमार की सजगता एवं तत्परता से एक दुर्घटना बच सकी। वाराणसी मंडल के औंड़िहार स्टेशन पर फाटक वाला के पद पर कार्यरत संदीप जायसवाल ने 18 जनवरी, 2024 को अप मालगाड़ी के पास होते समय उसके एक वैगन से धुआं निकलता देखकर तत्काल स्टेशन मास्टर को सूचित किया। स्टेशन मास्टर ने कंट्रोल को सूचित कर गाड़ी की जांच करायी गयी तथा उक्त वैगन को गाड़ी से काटा गया। संदीप जायसवाल की तत्परता से एक दुर्घटना को टाला जा सका। इसी प्रकार लखनऊ जं. पर टेक्निशियन के पद पर कार्यरत श्रीमती प्रिया पैंतिया ने 21 मार्च, 2024 को रोलिंग इन परीक्षण के दौरान गाड़ी सं. 12534 के लखनऊ जं. के प्लेटफार्म सं. 01 पर आते समय उसके कोच संख्या 224546 का प्राइमरी इनर स्प्रिंग टूटा हुआ देखकर, तत्परता दिखाते हुए कोच का परीक्षण कर कोच को गाड़ी से निकलवाया।

# राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला शाखा ब्यावर ने कलेक्टर को लिखा पत्र



♦भारत टाइम्स♦

**ब्यावर/अनिल सिखवाल।** वैसे देखा जाए तो मई व जून का नाम लेते ही भयंकर ग्रीष्म तपन व्यक्ति को स्वत ही महसूस होने लगती है उसी को मध्य नजर रखते हुए राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला शाखा ब्यावर ने बुधवार को जिला कलेक्टर के नाम पत्र लिखा जिसमे निवेदन किया है की भयंकर गर्मी को देखते हुए जिले में उच्च प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों को राहत हेतु अवकाश घोषित करने का निवेदन किया गया हालांकि सभी को पता है कि राजस्थान के कई जिलों में जिला कलेक्टर के द्वारा प्रचंड गर्मी को देखते हुए उच्च प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित कर दिया है जिला ब्यावर शाखा के जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि भंयकर गर्मी के कारण कक्षा एक से आठवी तक के नन्हें मुन्ने छात्र / छात्रा बहुत अधिक परेशान हो रहे हैं। इन्हें राहत प्रदान करते हुए इनके लिए पूर्ण अवकाश घोषित कर अनुग्रहित करे संगठन, समस्त अभिभावक गण एवं जिले के समस्त नन्हें मुन्ने विद्यार्थी आपके आभारी रहेंगे इसके लिए प्रदेश उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह राठौड़,उपाध्यक्ष (अजमेर मंडल) धीरज तर्क विभाग संघठन मंत्री गुरुशरण गोयल,पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश मोयल,जिला सभाध्यक्ष हेमेंद्र सिंह दगदी,जिला संघठन मंत्री लक्ष्मण सिंह पायलेट,जिला उप सभाध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान,जिला मंत्री शिमला,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज शर्मा,जिला उपाध्यक्ष गीता सौलंकी ,दीनदयाल शर्मा,नरेंद्र सिंह बदनोरकी,जिला कोषाध्यक्ष विष्णुदत्त गोयल,अतिरिक्त जिला मंत्री युनुस मो विजय नगर अध्यक्ष सुरेश सारस्वत,बदनोर अध्यक्ष सुरेश तंबोली,मसूदा अध्यक्ष श्रवण वर्मा,ब्यावर अध्यक्ष मुकेश प्रजापत,जैतारण अध्यक्ष मानाराम चौधरी,रायपुर अध्यक्ष रघुवीर सिंह देवल सहित जिले भर के राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के कार्यकर्ताओ ने शर्मा के उक्त कार्य की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए संगठन का आभार जताया

# भाजपा मुन्दैड़ी जलोदिया का पंचायत स्तरीय बुथ कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

♦भारत टाइम्स♦

**पिपलिया मंडी - महेश मरेठा।** भारतीय जनता पार्टी शिर्ष नेतृत्व, आदरणीय मानसिंह जी माछौपुरिया, आदरणीय पंडित राजेश दिक्षीत, व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जाट के निदेर्शानुसार लोकसभा के अधिकृत प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के जन समर्थन में ग्राम पंचायत मुन्देड़ी के तिनौ बुथ 42- मुन्देड़ी, 43- मुन्देड़ी, 44- जलोदिया, का पंचायत स्तरीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन व बैठक पाटीदार धर्मशाला मुन्देड़ी में सम्पन्न हुई, सम्मेलन को भाजपा किसान मोर्चा मंडल मल्हारगढ़ अध्यक्ष श्री बाबुलाल डाका पिपल्या विशन्या ने संबोधित करते हुए कहा की अपने तिनों बुथ पर अधिक से अधिक मतदान भाजपा के पक्ष में हो मोदी सरकार के द्वारा करोड़ो रुपए के विकास कार्य किए गए हे घर घर जल पहुंचाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया हे प्रत्येक घर में आयुष्मान कार्ड हे किसान सम्मान निधि प्रत्येक किसान को मिल रही हे, उन्होंने प्रस्ताव रखते हुए कहा कि इसके अलावा भी आपको कोई समस्या है तो आप हमें अवगत करायें, हम उसे पुरी कराने के लिए तत्पर तैयार है , यदि समस्या हमसे सुलझाने जैसी है तो, और यदि नहीं भी है तो भी हम उपर तक बात पहुंचाकर इसे निपटाने का कार्य करेंगे। यह चुनाव पार्टी या व्यक्ति विशेष का चुनाव नही हे ये चुनाव देश का चुनाव हे यह आने वाले वर्षो में देश की दशा और दिशा तय करेगा । उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता व बुथ समिति से जुलुस सा जलसा लेकर घर घर जनसंपर्क करने, मतदाता पर्चियों को वितरण करने कि भी बात कही। बैठक पश्चात ग्राम पंचायत मुन्देड़ी के दौरों गांव मुन्देड़ी व जलोदिया में जनसमपर्क भी किया गया व पत्रक भी बांटे गये। बुथ समिति व पन्ना समिति से शांति पुर्वक मतदान हो इसकी भी अपील कि गई। बैठक के दुसरे सत्र में श्री नेपाल सिंह शक्तावत ने भी अपने विचार रखे, इस अवसर पर भाजपा शक्ति केन्द्र मुन्देड़ी प्रभारी प्रकाश पोरवाल रिछा , शक्ति केन्द्र संयोजक व भाजपा किसान मोर्चो मंडल अध्यक्ष बाबुलाल डाका पिपल्या विशन्या, भाजपा मंडल मल्हारगढ़ महामंत्री श्री डां. मुकेश मालवीय, शक्ति केंद्र सहसंयोजक श्री धिरज शर्मा हरसोल, शक्ति केन्द्र मुन्देड़ी आई टी राजेश कुमार कारपेन्टर जलोदिया, किसान मोर्चा जिला कौषाध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह शक्तावत मुन्देड़ी, छौटी गुड़भैली सह सरपंच रुगनाथ सिंह, तिनों बुथ अध्यक्ष विनोद सेन मुन्देड़ी, अनिल पाटीदार मुन्देड़ी, प्रहलाद कारपेंटर जलोदिया, रामनिवास धनगर, अर्जुन धनगर, दिनेश कारपेन्टर, हरीश कारपेन्टर, भंवरलाल कारपेन्टर, कवरलाल कारपेन्टर, बने सिंह शक्तावत, श्यामलाल कारपेन्टर, घिसालाल सुर्यवंशी, निलेश साहू श्यामलाल प्रजापत, यशपाल सिंह शक्तावत, बद्रीलाल चौहान, मनोहर आंजना, कारूलाल नागदा, धीरज सेन, विशाल बैरागी, गोपाल पाटीदार, गोपाल दास, कंवरलाल सोलंकी, नानालाल नागदा, गणपत सोलंकी, बालू नागदा, दिनेश सोलंकी, लाखन सोलंकी, विजय सोलंकी, विनोद पाटीदार, कैलाश सेन, मुकेश कुमावत, दिनेश पाटीदार, राहुल पाटीदार, बाबूलाल धनगर, मदन सिंह, राम सिंह, नारायण सिंह, शांतिलाल पाटीदार, दिनेश नागदा, सहित मेरा परिवार भाजपा परिवार मुन्देड़ी - जलोदिया के कई कार्यकर्ता ,पदाधिकारी, पेज प्रमुख सहित वरिष्ठ जन उपस्थित थे ।

# आपदा प्रबंधन में मजबूत वर्कफोर्स तैयार करेगा उत्तर प्रदेश

## मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने लखनऊ ट्रिपल आईटी में एमएससी इन डाटा साइंस विद स्पेशलाइजेशन इन क्लाइमेट डाटा एनालिटिक्स कोर्स का किया शुभारंभ

- ट्रिपल आईटी द्वारा संचालित कोर्स में छात्र राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा स्थापित क्लाइमेट रेजिलिएंट ऑब्जर्वेटरी द्वारा प्रदान किए गए डाटा का करेंगे एनालिसिस
- ऑब्जर्वेटरी के माध्यम से प्रदेश भर से प्राप्त होने वाले क्लाइमेट से संबंधित डाटा का हो सकेगा एनालिसिस और भविष्यवाणी, आपदा प्रबंधन की चुनौती से निपटने में होगी मददगार



♦भारत टाइम्स♦

**लखनऊ।** प्रदेश में आपदा प्रबंधन के डाटा एनालिसिस को लेकर एक मजबूत वर्कफोर्स तैयार करने के लिए लखनऊ स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) में राहत आयुक्त कार्यालय के सहयोग से एमएससी इन डाटा साइंस विद स्पेशलाइजेशन इन क्लाइमेट डाटा एनालिटिक्स कोर्स की शुरूआत की गई है। मंगलवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने इसका शुभारंभ किया। यह कोर्स ट्रिपल आईटी द्वारा संचालित किया जाएगा, जिसमें छात्रों को डाटा एनालिसिस के लिए डाटा राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा कैंपस में निर्मित कराए गए क्लाइमेट रेजिलिएंट ऑब्जर्वेटरी (सीआरओ) द्वारा प्रदान किया जाएगा। मालूम हो कि इस ऑब्जर्वेटरी के माध्यम से प्रदेश में क्लाइमेट से संबंधित जो भिन्न-भिन्न प्रकार के डाटा प्राप्त किए जा रहे हैं, उनकी एनालिसिस तथा उसके आधार पर पूवार्नुमानित प्रतिक्रिया आपदा प्रबंधन के लिए राज्य सरकार को मदद प्रदान करेगी। एआई और मशीन लर्निंग की मदद से हो सकेगी प्रेडिक्शन ट्रिपल आईटी लखनऊ के प्रोफेसर दीपक कुमार ने बताया कि देश और दुनिया में बहुत कम लोग हैं जो क्लाइमेट डेटा को स्पेशिफिकली एनालिसिस करते हैं। इस कोर्स में छात्रों को सिखाया जाएगा कि क्लाइमेट डाटा पर कैसे काम करें और कैसे एआई और मशीन लर्निंग की मदद से प्रेडिक्शन करके लोगों को जागरूक करें। यह अपने तरीके का पहला कोर्स है, जिसमें छात्र रियल टाइम डाटा पर काम करेंगे। इसमें सीआरओ हमारे लिए मददगार होगा। वो हमें प्रदेश भर के क्लाइमेट से संबंधित डाटा को प्रदान करेगा, जिस पर छात्र काम करेंगे। साथ ही राहत आयुक्त कार्यालय छात्रों की स्कॉलरशिप और विभिन्न एजेंसियों को इंटर्नशिप में भी मदद करेगा। उन्होंने बताया कि डाटा मिलने के बाद इसको एनालिसिस करने के लिए हमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग लगानी पड़ेगी। इसके लिए भी सीआरओ के डेटा पर हमारे पीएचडी स्टूडेंट्स और एमएससी स्टूडेंट्स काम कर रहे हैं और डिफरेंट एआई के मॉडल्स बना रहे हैं, ताकि हम प्रेडिक्शंस कर पाएं। आपदा प्रबंधन से लड़ने को तैयार होंगे युवा कोर्स का शुभारंभ करने के साथ ही मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने क्लाइमेट रेजिलिएंट ऑब्जर्वेटरी (सीआरओ) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस ऑब्जर्वेटरी के माध्यम से प्रदेश में क्लाइमेट से संबंधित जो डाटा फील्ड से प्राप्त हो रहा है उसकी एनालिसिस तथा भविष्यवाणी आपदा प्रबंधन में मददगार होगी। उन्होंने कहा कि यह देश में पहली ऐसी क्लाइमेट रिजिलीअन्स ऑब्जर्वेटरी बनाई गई है। इसी प्रकार एमएससी इन डाटा साइंस विद स्पेशलाइजेशन इन क्लाइमेट डाटा एनालिटिक्स का कोर्स संभवतः देश में पहली बार शुरू किया गया है। इसके लिए मैथेमेटिक्स, स्टेटिस्टिक्स, कम्प्यूटर साइंस इत्यादि विषयों में बैचलर्स डिग्री हासिल किए गए छात्र लिए जाएंगे। इसकी प्रक्रिया ट्रिपल आईटी में मास्टर्स प्रोग्राम के लिए आयोजित प्रतियोगात्मक परीक्षा के माध्यम से की जा रही है। क्लाइमेट चेंज एक बहुत बड़ी चुनौती लेकर आया है, जिसका सीधा असर नागरिकों के जीवन पर पड़ रहा है। चाहे वह खेती हो, स्वास्थ्य हो, अन्य सुविधाएं हों, कुछ भी इससे अछूता नहीं है। बाढ़, सूखा, हीटवेव इत्यादि हमारे जीवन को सीधे प्रभावित करते हैं। इतने महत्वपूर्ण विषय पर बच्चों को प्रशिक्षित करके उन्हें इस विषय पर विशेषज्ञता हासिल कर इस बड़ी चुनौती से जूझने के लिए तैयार किया जाएगा। अधिक स्पेशिफिक होगी प्रेडिक्शन राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि प्रदेश में बेहतर आपदा प्रबंधन एवं सुदृढ़ पूर्व चेतावनीयंत्र को विकसित करने के लिए पहली बार लखनऊ में क्लाइमेट रेलीजिएंट ऑब्जर्वेटरी (सीआरओ) की स्थापना की गई है।

# गोसेवा के बाद सीएम योगी ने लुटाया मासूम बच्ची पर प्यार-दुलार



♦भारत टाइम्स♦

**गोरखपुर।** लोकसभा के चुनावी समर में अपनी पार्टी भाजपा के लिए सार्वजनिक कार्यक्रमों का शतक लगा चुके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी अपरिमित कार्यक्षमता के साथ सहजता के लिए भी जाने जाते हैं। मौका मिलते ही गोसेवा में रम जाना और बच्चों को देखते ही मुख्यमंत्री पद का प्रोटोकॉल परे कर उन्हें दुलारना उन्हें आत्मीय संतोष देता है। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव प्रचार के कार्यक्रमों के बीच मंगलवार शाम गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। यहां रात्रि प्रवास के बाद वह बुधवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र की चुनावी रैली में शामिल होने के लिए रवाना हुए। चुनाव प्रचार में जाने से पूर्व सुबह सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेककर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने आवाज देकर गोवंश को पास बुलाया और उनके माथे पर हाथ फेरा। गोवंश को खूब दुलारकर अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया।